www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 216 । नर्मदापुरम, मंगलवार 12 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

नहर किनारे बिहारी कॉलोनी में नहीं हैं मूलभूत सुविधाएं पृष्ठ 2

▸ महाराष्ट्र : मोदी का खाली तरकश
▸ ट्रम्प 2.0 प्रशासन का दुनिया के मुस्लिम देशों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा पृष्ठ 4

▸ ग्रामीणों की शिकायत पर 2 हेक्टेयर चरनोई भूमि से हटाया अतिक्रमण पृष्ठ 6

वैश्विक दक्षिण का आवाज के रूप में उभर रहा भारत पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### झामुमो का डोमिसाइल पॉलिसी और आरक्षण बढ़ाने का वादा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन के बड़े घटक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पहले चरण की 43 सीटों पर चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी के सुप्रीमो शिबू सोरेन द्वारा जारी किए गए घोषणा पत्र को झामुमो ने 'अधिकार पत्र' नाम दिया है। पार्टी ने 1932 के खतियान (जमीन सर्वे का कागजात) आधारित स्थानीय नीति (डोमिसाइल पॉलिसी) लागू करने, एससी, एसटी एवं पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण कोटे में वृद्धि, सरना–आदिवासी धर्म कोड लागू कराने का वादा किया है। पार्टी ने राज्य में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन करने का भी संकल्प व्यक्त किया है।

### वायनाड में प्रचार का शोर थमा

**वायनाड, एजेंसी।** वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर थम गया है। इस सीट पर 13 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन प्रियंका गांधी की जीत के लिए राहुल गांधी ने वायनाड में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के साथ रोड शो में हिस्सा लिया। इस दौरान राहुल गांधी 'आई लव वायनाड' की टी शर्ट पहने नजर आए। उपचुनाव के लिए प्रचार समाप्त होने के बाद वायनाड से कांग्रेस की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने क्षेत्र के लोगों को धन्यवाद दिया।

### छपरा-वाराणसी रेलखंड पर ट्रेन हादसा टला

**छपरा, एजेंसी।** बिहार में सारण जिले के छपरा- वाराणसी रेलखंड पर सोमवार के अहले सुबह ट्रेन हादसा होने से बच गया है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर सिटी जाने वाली ट्रेन संख्या 13121 अपने निर्धारित समय से छपरा जंक्शन से खुल गई थी। इस दौरान छपरा–वाराणसी रेलखंड के गौतम स्थान स्टेशन के समीप सेंगर टोला गांव के पास रेलवे ट्रैक लगभग चार इंच टूटा हुआ था। वहां से गुजर रहे ट्रेक मैन ने टूटी रेल पटरी को देखते ही लाल कपड़े का प्रयोग कर उक्त ट्रेन को टूटी हुई पटरी के पास आने से पहले रोकने का प्रयास किया। ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा कर ट्रेन को रोका और मामले की सूचना छपरा जंक्शन कंट्रोल रूम को दी।

### बाहर की बात बताकर जनता को गुमराह करना ठीक नहीं : शशि

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की प्रवक्ता शशि पांजा ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान सहित अन्य मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि विश्व युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। विज्ञान का लाभ अभी गरीबों तक नहीं पहुंचा है। इस पर तृणमूल प्रवक्ता ने कहा है कि भारत के बाहर की बात होती है, लेकिन भारत की बात नहीं होती है। भारत के अंदर भी परिस्थिति अच्छी नहीं है। यहां जो धनवान लोग हैं, वे और अधिक धनवान होते जा रहे हैं। अमीरों द्वारा जो कर्ज लिया जाता है, उसे सरकार द्वारा माफ कर दिया जाता है। भारत में गरीब जनता पीछे रह जाती है। आरएसएस को यह भी बताना चाहिए कि भाजपा के शासन में जो बेरोजगारी बढ़ी है, उस पर उनका क्या स्टैंड है। दुनिया में जो संकट है क्या वह हमारी बेरोजगारी पर प्रभाव डालती है। अब तक पेट्रोल–डीजल के दाम कम नहीं हुए हैं।

### कांग्रेस ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समाज को बांटने वाले बयान चुनाव प्रचार के दौरान दे रही है जिसको लेकर आयोग से शिकायत कर जरुरी कदम उठाने का आग्रह किया गया है। आयोग से मुलाकात के बाद कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल तथा उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांतो सेन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की तरफ से 08 शिकायतें आयोग से की गई हैं जिन्हें आयोग ने गंभीरता से लेते हुए बताया कि कुछ शिकायतों पर पहले ही करवाई करते हुए कुछ अधिकारियों के स्थानांतरण पर विचार किया जा चुका है।

---

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को लगाई फटकार, कहा-

# पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह से लागू नहीं किया गया

- दिल्ली पुलिस आयुक्त को हलफनामा दाखिल करने का दिया निर्देश
- कहा- कोई भी धर्म प्रदूषण को बढ़ावा नहीं देता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध के उसके आदेश को गंभीरता से न लेने के लिए दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह से लागू नहीं किया गया और महज दिखावा किया गया। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से उसके आदेश के पूर्ण पालन के लिए स्पेशल सेल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस के कोई भी पटाखों का उत्पादन और उनकी बिक्री न कर सके।

सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा।

### *कई जगहों पर बिल्कुल प्रभाव नहीं पड़ा*

*दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था। हालांकि इसके बावजूद दिवाली पर खूब पटाखे छूटे और पटाखों पर प्रतिबंध का या तो बहुत कम या कई जगहों पर बिल्कुल प्रभाव नहीं पड़ा। इस पर दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने हलफनामा दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पटाखों के उत्पादन और निर्माण को लेकर क्या–क्या कदम उठाए गए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट तर्कों से संतुष्ट नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपने सिर्फ कच्चा माल जब्त करके महज दिखावा किया। पटाखों पर प्रतिबंध को गंभीरता के साथ लागू नहीं किया गया।*

### जस्टिस संजीव खन्ना बने भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जस्टिस संजीव खन्ना को सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ दिलाई। 65 साल की उम्र में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ गत 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद से रिटायर हुए। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा जस्टिस संजीव खन्ना के नाम की सिफारिश की गई। 14 मई 1960 को जन्मे जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली विश्वविद्यालय के लॉ कैंपस से कानून की पढ़ाई की है। वह दिल्ली हाईकोर्ट के जज के पद पर भी रहे। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

---

मणिपुर में सीआरपीएफ की बड़ी कार्रवाई

# मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को किया ढेर

- सीआरपीएफ का एक जवान के भी घायल
- गोला-बारूद भी जब्त किया गया

**जिरीबाम, एजेंसी।** मणिपुर में सीआरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, सीआरपीएफ ने जिरीबाम में मुठभेड़ के दौरान 11 उग्रवादियों को मार गिराया है। वहीं इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक जवान के भी घायल होने की सूचना है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल तक एयरलिफ्ट किया गया है। सीआरपीएफ के सूत्रों के अनुसार, उग्रवादियों ने सीआरपीएफ की टीम पर हमला किया था, जिसके बाद ये मुठभेड़ हुई है।

वहीं इससे पहले मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में पिछले तीन दिनों के भीतर तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने कई हथियार, गोला–बारूद और आईईडी जब्त किए हैं। असम राइफल्स ने सोमवार को एक बयान में कहा गया है कि शनिवार को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने चुराचांदपुर जिले के एल खोनोमफाई गांव से सटे जंगल में एक अभियान के दौरान एक .303 राइफल, दो नौ एमएम पिस्तौल, छह 12 सिंगल बैरल राइफल, एक .22 राइफल, गोला–बारूद और अन्य युद्ध संबंधी सामान जब्त किया। कांगपोकपी जिले के एस चौंगौबंग और माओहिंग के बीच संयुक्त टीम की तरफ से एक अन्य अभियान में एक 5.56 मिमी इंसास राइफल, एक प्वाइंट 303 राइफल, दो एसबीबीएल बंदूकें, दो 0.22 पिस्तौल, दो इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, ग्रेनेड, गोला–बारूद भी जब्त किया गया।

---

मुख्यमंत्री ने जेसी मिल ग्वालियर का लिया जायजा, कहा-

# हुकुमचंद मिल की तर्ज पर करायेंगे जेसी मिल मजदूरों का भुगतान



- लम्बे समय से खाली पड़ी आवंटित भूमि का करेंगे उचित निराकरण
- ग्वालियर में आईटी इकाइयों को बढ़ावा दिया जायेगा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजदूरों के हित के लिये प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। इंदौर की हुकुमचंद मिल और उज्जैन की विनोद मिल की तर्ज पर जल्द ही ग्वालियर की जेसी मिल के श्रमिकों और प्रदेश की अन्य बंद मिलों की देनदारियों के भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30–40 साल से बंद पड़ी ग्वालियर की जेसी मिल के मजदूरों के प्रकरणों में 8 हजार से ज्यादा मजदूरों को उचित न्याय दिलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर की जेसी मिल का जायजा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जेसी मिल परिसर का भ्रमण किया, साथ ही नक्शे के माध्यम से जेसी मिल की जमीन और अन्य परिसम्पत्तियों की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने बीच पाकर जेसी मिल श्रमिक और उनके परिजन अभिभूत हो गए। सभी ने पुष्पाहारों से मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। साथ ही कहा पहली बार कोई मुख्यमंत्री हमारी दुख–तकलीफ सुनने जेसी मिल तक आया है। अब हमें पूरा भरोसा है कि जेसी मिल पर लंबित हमारी वर्षों पुरानी देनदारियों का भुगतान हो जाएगा। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जेसी मिल श्रमिकों की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जेसी मिल श्रमिकों के हितों की रक्षा की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा सरकार मुकदमा नहीं समाधान चाहती है। इसी भावना के साथ सरकार न्यायालय में श्रमिकों के हित मे अपना पक्ष रखेगी, जिससे श्रमिकों की देनदारियों के भुगतान का रास्ता साफ हो सके। उन्होंने कहा कि जेसी मिल श्रमिकों के स्वत्वों के भुगतान के सिलसिले में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। मिल की जमीन और परिसम्पत्तियों के सर्वे का काम कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब, महिला, युवा और किसानों को देश के चार स्तम्भ के रूप में रेखांकित किया है। प्रदेश सरकार इन सभी के उत्थान के लिये कृतसंकल्पित होकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) के क्षेत्र में अपार संभावनाएँ हैं। यहाँ के आईटी विशेषज्ञ युवाओं को बाहर न जाना पड़े, इसके लिये ग्वालियर में सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित इकाइयों को विशेष बढ़ावा दिया जायेगा।

---

### प्रयागराज में छात्रों के प्रदर्शन पर पुलिस का लाठीचार्ज

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग के दफ्तर के बाहर छात्रों ने हंगामा किया। 10 हजार से अधिक छात्र सड़कों पर उतरे। पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज कर किया। इसकी वजह से भगदड़ जैसे हालात बने गए । यह स्थिति उत्तर प्रदेश पीसीएस और आर–एआरओ की परीक्षाओं के लिए डेट घोषित होने की वजह से बनी है। दरअसल आयोग ने इन परीक्षाओं को दो दिन और अलग अलग पालियों में कराने के लिए डेटशीट जारी किया है। वहीं छात्रों की मांग यह परीक्षाएं एक दिन में और एक ही पाली में हों। इसी बात को लेकर आयोग और छात्रों के बीच टकराव की स्थिति बनी है।

प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की आयोग से वन डे, वन शिफ्ट, नो नॉर्मलाइजेशन की डिमांड है। इसी बात को लेकर छात्र लंबे समय से मांग कर रहे है। इसी बीच आयोग ने छात्रों की मांग का दरकिनार करते हुए दोनों परीक्षाओं के लिए डेटशीट जारी कर दी। इससे छात्रों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते हजारों की संख्या में छात्र आयोग का घेराव करने पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक छात्रों द्वारा हंगामे की सूचना पर बैरिकेटिंग की गई थी। बावजूद इसके काफी संख्या में छात्र बैरिकेट कूदकर अंदर घूस गए।

---

# उप राष्ट्रपति आज उज्जैन में कालिदास समारोह का करेंगे शुभारंभ



**भोपाल, देशबन्धु।** उज्जैन में होने वाले 66 वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस आयोजन में शामिल होंगे। समारोह की पूर्व संध्या पर सोमवार को मंगल कलश यात्रा निकाली गई और कालिदास अकादमी में नान्दी–भक्ति संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ कल 12 नवंबर की 4 बजे होगा। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। बुधवार 13 नवम्बर को सुबह 10 बजे महाकवि कालिदास के साहित्य में पंच महाभूत विमर्श पर आधारित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का प्रथम सत्र, दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी और शाम 5 बजे व्याख्यान माला का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे नृत्य नाटिका का मंचन होगा।

गुरुवार 14 नवम्बर को शोध संगोष्ठी का द्वितीय सत्र, व्याख्यान माला कुटुम्ब व्यवस्था, हिन्दी नाटक वसन्त सेना का प्रस्तुतीकरण होगा। 15 नवम्बर को संगोष्ठी का तृतीय सत्र, व्याख्यान माला– कालिदास का पर्यावरण चिंतन, लोक गायन और नाटक अभिज्ञान शाकुन्तलम् की प्रस्तुति होगी। 16 नवम्बर को संस्कृत कवि समवाय, अंतर्विश्वविद्यालय संस्कृत वाद–विवाद प्रतियोगिता, लोक नृत्य की प्रस्तुति होगी। 17 नवम्बर को अन्तर महाविद्यालयीन कालिदास काव्य पाठ, अन्तर महाविद्यालयीन हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता, शास्त्रीय गायन होगा। शास्त्रीय वादन के साथ 18 नवम्बर को समारोह का समापन किया जाएगा।

### राज्यपाल–मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल

### इन कलाकारों को किया जाएगा अलंकृत

इस वर्ष 2022–2023 के लिए कालिदास अलंकरण सम्मान शास्त्रीय गायन के लिए पंडित उदय भावलकर पुणे (2022), पंडित अरविंद पारेख मुंबई (2023), शास्त्रीय नृत्य के लिए डॉ. संध्या पुरेचा मुंबई (2022), गुरु कलावती देवी मणिपुर (2023), कला और शिल्प के लिए पी.आर. दारोच दिल्ली–कला और शिल्प (2022), रघुपति भट्ट मैसूर (2023), नाट्य के लिए सुश्री भानु भारती राजस्थान (2022) और रुद्रप्रसाद सेन गुप्ता कोलकाता (2023) को प्रदान किया जाएगा।

### स्काई डाइविंग का ले सकेंगे आनंद

उज्जैन में हो रहे कालिदास समारोह के दौरान आगंतुक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आयोजित स्काई डाइविंग फेस्टिवल का आनंद ले सकते हैं। यहां की दताना एयर स्ट्रीप पर 3 माह के लिए पर्यटकों को 10 हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर महाकाल की नगरी को देखने का रोमांचकारी अनुभव मिल सकेगा।

---

पहले चरण में 43 सीटों पर होगा मतदान, 683 उम्मीदवार मैदान में

# झारखंड में पहले चरण का प्रचार थमा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीटों पर सोमवार शाम प्रचार थम गया। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जिसके लिए पोलिंग पार्टियों को भेजने का सिलसिला सोमवार से शुरू हो गया। पहले चरण की सीटों में 6 एससी और 20 एसटी के लिए सुरक्षित हैं। सामान्य सीटों की संख्या 17 हैं।

### 73 महिला उम्मीदवार भी मैदान में

इस चरण की सीटों पर राष्ट्रीय दलों के 87, झारखंड के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के 32, दूसरे राज्यों के मान्यता प्राप्त दलों के 42 और गैर मान्यता प्राप्त निबंधित दलों के 188 उम्मीदवार हैं। इसके अलावा 334 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। पहले चरण में 73 महिला उम्मीदवारों के भाग्य का भी फैसला होना है। इस चरण में एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार भी है। हटिया से थर्ड जेंडर उम्मीदवार नगमा रानी निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। पहले चरण की सीटों में कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा. बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर शामिल हैं। इन सीटों पर कुल 15,344 बूथ बनाए गए हैं, जहां चुनाव मैदान में खड़े कुल 683 प्रत्याशी की किस्मत का फैसला कुल 1 करोड़ 37 लाख 10 हजार 717 वोटर करेंगे। पहले चरण में कुल वोटरों में 68 लाख 73 हजार 455 पुरुष, 68 लाख 36 हजार 959 महिला और 303 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

### इन नेताओं की किस्मत का होगा फैसला

इन सीटों पर मतदाता पूर्व सीएम चंपई सोरेन और झारखंड की मौजूदा सरकार के छह कैबिनेट मंत्रियों डॉ. रामेश्वर उरांव, रामदास सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरूआ एवं बैद्यनाथ राम के अलावा कुल 683 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। पहले चरण के दिग्गज उम्मीदवारों में पूर्व मंत्री जदयू के सरयू राय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मंत्री भाजपा के सीपी सिंह, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री कांग्रेस के केएन त्रिपाठी, पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास, पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन, कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश के नाम शामिल हैं।

---

खड़गे ने भाजपा नेताओं पर बोला हमला

## साधु के वस्त्र पहनकर बंटेंगे कटेंगे करते हैं



**पलामू, एजेंसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का नाम लेकर उन पर बड़ा जुबानी हमला किया। झारखंड की छतरपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री खुद को बैकवर्ड का बेटा बताते हैं, लेकिन वह फॉरवर्ड को सपोर्ट करते हैं। वह बैकवर्ड को कुचलने वालों को सपोर्ट करते हैं।' खड़गे ने योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वे साधु का ड्रेस पहनते हैं, पर लोगों के बीच आकर 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसी बात बोलते हैं, क्या ये साधु का काम है? ऐसा कोई टेररिस्ट बोल सकता है, साधु नहीं बोल सकते हैं।

अमित शाह का झामुमो पर हमला

## घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हेमंत सोरेन



**सरायकेला, एजेंसी।** झारखंड में प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियों ने पूरी ताकत झोंक दी। गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को सरायकेला में जनसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झामुमो सरकार झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। अगर झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो वह घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें राज्य से बाहर निकालेंगे। साथ ही घुसपैठियों की ओर से हड़पी गई जमीन को वापस लेने के लिए समिति बनाई जाएगी। इसके अलावा आदिवासी महिलाओं से शादी करने पर घुसपैठियों को होने वाले जमीन हस्तांतरण को रोकने के लिए कानून बनाया जाएगा।

---

बैग की तलाशी लेने पर भड़के उद्धव, पूछा-

## मोदी-शाह के बैग की भी जांच करेंगे



**मुंबई, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अब नया मामला उठाया है। उद्धव ने कहा कि जब वह यवतमाल में प्रचार करने गए तो यहां पर सरकारी अधिकारियों ने उनके बैग की जांच की। उन्होंने सरकारी अधिकारियों से पूछा कि क्या वे पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के बैग की जांच करेंगे? उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से कहा कि वे उनकी जांच करने वाले अधिकारियों की जेब और पहचान पत्र को जांचें। ठाकरे बोले कि मैं चुनाव अधिकारियों से नाराज नहीं हूं। वह अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस के बैग की जांच नहीं की जानी चाहिए?

### भाजपा ने की राहुल की शिकायत

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान संविधान को लेकर लगाए गए आरोपों पर भाजपा ने राहुल गांधी की चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि हमने चुनाव आयोग को बताया है कि राहुल गांधी महाराष्ट्र चुनाव में झूठ बोल रहे हैं।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### आज एकादशी पर रहेगा मंडी में अवकाश, किसान नहीं लाएं अनाज

**इटारसी, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में देव प्रबोधनी एकादशी पर अवकाश रहेगा और इस दौरान किसानों की उपज नहीं तौली जाएगी। मंडी प्रशासन ने कल जारी छुट्टी नहीं होने का आदेश आज हम्माल-तुलावटी संघ के पत्र के बाद वापस ले लिया है। यानी, अब मंगलवार को मंडी में एकादशी का अवकाश रहेगा। मंडी प्रशासन को आज तुलावटी-हम्माल मजदूर कल्याण संघ ने देव उठनी एकादशी होने के कारण कार्य करने में असमर्थता जतायी थी। संघ ने मंगलवार को मुख्य मंडी प्रांगण में नीलामी, तुलाई कार्य बंद रखने का निवेदन किया था। इसे देखते हुए आज मंडी प्रशासन ने पिछले आदेश वापस ले लिया जिसमें मंगलवार को भी मंडी में नीलामी होने और किसानों से उपज लाने का अनुरोध किया था। मंडी के भारसाधक अधिकारी एवं एसडीएम टी प्रतीक राव ने कहा 12 नवंबर 2024 मंगलवार को कृषि उपज मंडी इटारसी में नीलामी कार्य चालू रखने का आदेश दिया था, लेकिन तुलवाटी हम्माल मजदूर कल्याण संघ के पत्र के बाद यह आदेश वापस लिया गया है।

### मध्यप्रदेश में एमएसपी पर धान, ज्वार, बाजरा की उपार्जन नीति जारी

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा की खरीद 22 नवंबर और धान की खरीद 2 दिसंबर से की जाएगी। मध्यप्रदेश के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अधिकारियों को यह निर्देश दिये हैं। कृषि उपज मंडी में धान और मक्का की खरीद व्यापारियों के माध्यम से जारी है और इन दोनों जिंस की मंडी में अच्छी आवक हो रही है, लेकिन समर्थन मूल्य की धान, ज्वार और बाजरा की खरीद 11 नवंबर और 2 दिसंबर से की जाएगी।

### आज मनायी जाएगी देव प्रबोधनी एकादशी, तुलसी-सालिग्राम विवाह होगा

**इटारसी, देशबन्धु।** कल 12 नवंबर को नगर में देवउठनी ग्यारस के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के द्वारा 'बेर भाजी आंवला, उठो देव सांवला' की जय घोष के



साथ शालिग्राम तुलसी विवाह विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं लाल मैदान पर गन्ने की दुकानें सज गई है। इसके साथ ही पटाखे की दुकान भी लगाई गई हैं। इस बार गन्ने की दुकानों पर 30-50 का एक गन्ना दुकानदारों के द्वारा बेचा जा रहा है। ग्राहकों के द्वारा मौल भाव करने पर कुछ कम कीमत पर भी गन्ना बेच दिया जाता है। इसके साथ ही अन्य पूजन सामग्री की दुकान बाजार क्षेत्र में भी लगाई जाएगी। देवउठनी एकादशी के महापर्व को लेकर पंडित देवेंद्र दुबे ने बताया कि चातुर्मास में भगवान हरि विष्णु शयन को चले जाते हैं जो कि 4 महीने के बाद देवउठनी ग्यारस पर भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी के विवाह की विशेष पूजन अर्चना के साथ जागते हैं। वही इस दिन से शुभ कार्यों का शुभारंभ हो जाता है।

### आज निकाली जाएगी बाबा श्याम की निशानयात्रा, प्रागट्योत्सव मनाएंगे श्याम भक्त



**इटारसी, देशबन्धु।** श्यामप्रेमियों द्वारा कल देवप्रबोधनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर सूरजगंज से निशान यात्रा निकाली जाएगी जो श्री द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि देवउठनी एकादशी के दिन बाबा खाटू श्याम का प्रकट्ोत्सव मनाया जाता है। पिछले दो सालों से शहर के श्याम प्रेमी श्रद्धाभाव से निशान यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। श्याम परिवार के सदस्य प्रदीप अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, सोनू मित्तल ने बताया कि मंगलवार सुबह 10:30 बजे माहेश्वरी भवन के सामने श्याम बाबा के निवास से सभी श्यामप्रेमी निशान यात्रा प्रारंभ करेंगे, जो मुख्य मार्गों से होते हुए श्री द्वारिकाधीश मंदिर पहुंचेगी, यहां सभी भक्त श्याम बाबा का निशान यानी धर्मध्वजा उठाकर शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करेंगे।

निशान यात्रा में डीजे-ढोल बैंड रहेगा, जिस पर श्याम भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। यात्रा में श्याम परिवार की महिलाएं, बच्चे, युवतियां एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल होंगे। श्याम परिवार द्वारा निरंतर खाटू श्याम यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि हमने करीब 500 निशान तैयार कराए हैं, यात्रा के बाद सभी श्रद्धालुओं को यह निशान दिए जाएंगे, जिससे सनातनी एवं श्याम बाबा से जुड़े भक्त अपने घर पर यह धर्मध्वजा लहरा सकेंगे।

प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि निशान यात्रा में स्वच्छता का ध्यान भी रखा जाएगा, रास्ते में होने वाली पुष्पवर्षा या डिस्पोजल भी तत्काल हटाए जाएंगे, जिससे शहर का यात्रा मार्ग स्वच्छ नजर आए। मान्यता है कि एकादशी के दिन ही बाबा श्याम का प्रकटोत्सव है, पूरे देश में इसे धूमधाम से मनाया जाता है। 13 नवंबर बुधवार को श्याम भक्तों द्वारा सूरजगंज चौराहा एवं पत्ती बाजार दो स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# नहर किनारे बिहारी कालोनी में नहीं हैं मूलभूत सुविधाएं

- ग्राम पंचायत पथरोटा ने फंड की कमी बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा
- सड़क नहीं होने से बच्चे न स्कूल जा पाते हैं और ना ही आंगनवाड़ी
- आज जनसुनवाई में एसडीएम के पास अपनी पीड़ा लेकर पहुंचे कालोनीवासी





**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत पथरोटा के अंतर्गत मुख्य नहर किनारे स्थित बिहारी कालोनी के निवासियों को विगत कई वर्षों से मूलभूत सुविधा के लिए पंचायत की उपेक्षा झेलनी पड़ रही है। यहां न तो सड़कें हैं और ना ही निकास के लिए नालियां। बच्चों को बारिश में स्कूल और आंगनवाड़ी जाने में परेशानी होती है। विगत तीन वर्ष से लगातार ग्राम पंचायत से मांग के बाद मायूस होकर बिहारी कालोनी के निवासी आज जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में पहुंचे और आवेदन देकर अपनी पीड़ा सुनाई। बिहारीकालोनी के निवासियों ने बड़ी संख्या में एसडीएम आफिस जाकर कालोनी में सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधा दिलाने के लिए जन सुनवाई में आवेदन दिया। इस दौरान एसडीएम टी प्रतीक राव से मुलाकात नहीं होने पर उनका इंतजार किया। वे टीएल बैठक में जिला मुख्यालय नर्मदापुरम गये थे। उनके आने के बाद सभी ने उनको अपनी पीड़ा सुनाई और सुविधाएं दिलाने की मांग की।

**मेहनतकश लोग रहते हैं** - बिहारी कालोनी ग्राम पंचायत पथरोटा का वार्ड 1 है और यहां ज्यादातर मजदूरी करने वाले लोग रहते हैं। दिहाड़ी पर जाने के कारण अपनी समस्याओं के लिए बार-बार प्रशासन के पास जाने का वक्त नहीं मिलता है तो ये अभावों में ही गुजर-बसर करते और समस्याओं से जूझते जिंदगी काट रहे हैं। पीड़ा बढ़ने पर ये ग्राम पंचायत से मांग करते हैं तो पंचायत से जवाब मिलता है कि फंड नहीं है, काम नहीं कराया जा सकता है। विगत पांच वर्ष से लगातार बिहारी कालोनी के लोग अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वार्ड में सड़क और नाली की योजना ग्राम पंचायत नहीं बना सकी है।

**बच्चे 1 किमी दूर स्कूल जाते** - कालोनी के बच्चे एक किलोमीटर दूर मुश्किल भरा रास्ता तय करके शासकीय प्राथमिक शाला में जाते हैं। जून और जुलाई में इस मार्ग पर गंदा पानी, कीचड़, बड़े-बड़े गड्ढे होने से यह मार्ग लगभग बंद हो जाता है, या फिर मुश्किलों से पार होता है। तीन वर्ष से कालोनी के लोग नहर किनारे सीमेंट या मुरम-गिट्टी की रोड बनाने की मांग कर रहे हैं, निजी तौर पर और ग्राम सभा में कई बार आवाज उठायी गयी, उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। किराये के मकान में संचालित वार्ड की आंगनवाड़ी में 43 बच्चे दर्ज हैं और वे भी नहर के निचले हिस्से में होने से परेशानी भरे रास्ते से पहुंचते हैं, नयी आबादी क्षेत्र में कच्चे रास्ते, फिसलन और गड्ढे होने से रहवासी परेशान रहते हैं।

**फंड नहीं होने का मिलता जवाब** - इस वार्ड की सदस्य श्रीमती मीना ठाकुर ने जब ग्राम पंचायत में मांग करती हैं तो उनको फंड नहीं होने का जवाब मिलता है। वार्ड के निवासियों ने आज एसडीएम के समक्ष पहुंचकर अपनी पीड़ा बतायी और मांग की है कि यदि ग्राम पंचायत के पास फंड नहीं है तो वार्ड के लोगों की समस्या का समाधान जनपद पंचायत या जिला पंचायत स्तर से कराया जाए। ग्रामीणों की इस समस्या को लेकर एसडीएम ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## हजारों भक्तों ने तीन स्थानों पर हुए अन्नकूट में प्रसाद लिया



**इटारसी, देशबन्धु।** अक्षय नवमी के मौके पर नगर में तीन स्थानों पर अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया गया था। इन तीनों स्थानों पर भक्तों के एक बड़े समूह ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम से प्रारंभ हुआ अन्न कूट उत्सव रात 11 बजे तक चलता रहा।

शहर के श्री द्वारिकाधीश मंदिर में हर वर्ष अक्षय नवमी पर अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया जाता है। अक्षय नवमी पर यहां शाम को श्री द्वारिकाधीश के पूजन के बाद भगवान को छप्पन प्रकार के पकवानों का भोग लगाया गया और आरती के बाद भक्तों में रात 8 बजे से प्रसाद वितरण का काम प्रारंभ हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों के अलावा मारवाड़ी समाज का महिला मंडल और युवाओं की टीम ने छप्पनभोग में पहुंचकर सेवा की और देर रात तक यहां आने वाले भक्तों को भोजन प्रसादी वितरित की।

### श्री नीलकंठेश्वर मंदिर में अन्नकूट उत्सव



प्रतिवर्षानुसार श्री अन्नकूट महोत्सव समिति द्वारा श्री नीलकंठेश्वर मन्दिर पण्डित दीनदयाल नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी वार्ड नंबर 3 में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा भी इस मौके पर पहुंचे। भगवान नीलकंठेश्वर की महाआरती करने के उपरांत 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर किया। अन्नकूट महोत्सव में मंदिर परिसर को विशेष फूलों, लाइटिंग एवं रंगोली से सुंदर सजाया।

कार्यक्रम में अतुल शुक्ला, किशन लाल यादव, डॉ.पकजमणि पहारिया, प्रवीण शुक्ला, राजू वैस, सुनील सोनी, संजीत चौधरी, हेमंत सोनी, दीपक नोरिया, रनीस मनवारे, पप्पू सोनी, विशाल महतो, अशोक मालवीय, रामलाल यादव, कमल हासले, विजेंद्र गौर, कृष्ण कुमार कटारे, राकेश शर्मा के साथ सभी कलोनी वासियों ने तन, मन, धन से सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया।

### श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर में उमड़े भक्त



श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर शक्तिधाम में अन्नकूट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अन्नकूट का प्रसाद लेने पहुंचे। मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। ईश्वर बेंड पार्टी ने मंदिर परिसर में माता के भजनों की प्रस्तुति दी। अन्नकूट के अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा पहुंचे। उन्होंने मातारानी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री शर्मा के साथ नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, पार्षद वार्ड नंबर 19 राहुल प्रधान उपस्थित रहे। श्री श्री बूढ़ी माता मंदिर शक्तिधाम में आयोजित अन्नकूट के अवसर पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी भी शामिल हुये। इस अवसर पर नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, योगेन्द्र सिंह राजपूत, पार्षद कन्हैया मिहानी एवं समाजसेवी सतीश सिंह उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बनायी आकर्षक रंगोली



**इटारसी, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन, भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत 'विकसित भारत' विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 14 महाविद्यालयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि महाविद्यालय में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने हेतु अवसर प्रदान करती है। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. संजय आर्य ने कहा कि युवा उत्सव छात्राओं में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने हेतु मंच प्रदान करता है तथा उन्हें अपने कला एवं संस्कृति को बनाए रखने व निरंतर इससे जुड़े रहने की प्रेरणा देता है। मंच संचालन करते हुए डॉ. शिरीष परसाई ने कहा कि रंगोली खुशी, सकारात्मकता, और जीवंतता का प्रतीक है। रंगोली का सबसे महत्वपूर्ण तत्व उत्सव धर्मिता है। रंगोली युवा उत्सव को संपूर्णता प्रदान करती है।

**प्रतियोगिता के परिणाम** - रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. तनु मैथिल, शासकीय कन्या महाविद्यालय इटारसी ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कु. विनीता लौवंशी, शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मालवा एवं तृतीय स्थान कु. काजल बाबरिया, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम एवं अर्चना कहार, शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय, नर्मदापुरम ने प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में श्रीमती निधि शर्मा, श्रीमती श्वेता पगारे एवं श्रीमती गुंजन जैन उपस्थित थीं। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा प्रमाण-पत्रों का वितरण किया। प्राचार्य एवं स्टॉफ द्वारा विजेयी छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा कु. तनु मैथिल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर डॉ. हरप्रीत रंधावा, श्रीमती मंजरी अवस्थी, स्नेहांशु सिंह, डॉ. संजय आर्य, रविन्द्र चौरसिया, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ शिरीष परसाई, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. नेहा सिकरवार, करिश्मा कश्यप, तरुणा तिवारी, हेमंत गोहिया, क्षमा वर्मा, मंथन दुबे सहित विभिन्न महाविद्यालयों से आये दल प्रबंधक एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

## गुरुनानक देव के प्रकाशोत्सव के लिए सज गया गुरुद्वारा

**इटारसी, देशबन्धु।** गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ सभा इटारसी द्वारा सिखों के प्रथम गुरु गुरूनानक देवजी का प्रकाशोत्सव 15 नवंबर को मनाया जाएगा। प्रकाश पर्व के अवसर पर मुख्य गुरुद्वारा को



आकर्षक विद्युत बल्वों की रोशनी से सजाया गया है। श्री गुरुसिंघ सभा के अध्यक्ष जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि 13 नवंबर को प्रारंभ श्री अखंड पाठ साहिब होगा। नगर कीर्तन दोपहर 2 बजे से गुरूद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा इटारसी से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, भारत टॉकीज रोड, स्टेट बैंक चौराहा, सिंधी कॉलोनी रोड, बिंद्रा जी की गली, मालवीयगंज, पंजाबी मोहल्ला, चामुंडा चौराहा, रेस्ट हाउस से गुरूद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा में समापन होगा। प्रकाशोत्सव के अवसर पर 15 नवंबर को दोपहर 1 बजे से गुरू का अटूट लंगर बरतेगा।

## एमजीएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने पांच विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी के प्रतिभागियों ने आज जिला स्तर प्रायोजित विभिन्न महाविद्यालय में युवा उत्सव की एकांकी, वाद विवाद, भाषण, कार्टूनिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें सभी पांचों विधाओं में शासकीय एमजीएम महाविद्यालय इटारसी के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय में कीर्तिमान स्थापित कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।



कार्टूनिंग विद्या में मयूर चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी महाविद्यालय माखन नगर में संपन्न हुई। वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में तृप्ति ओमकार ने प्रथम स्थान, विपक्ष में महाविद्यालय की छात्रा कोमल मनवारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा कोमल मनवारे प्रथम, एकांकी विधा में ओम सिंह, गीता चौहान, सृष्टि सिंह, मयंक कनौजिया, अमित पुरी गोस्वामी, अभिषेक सोनी, इशिका पांडे, हितेश मेहरा ने 'अब क्या' विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह एकांकी महाविद्यालय के डॉ. दिनेश कुमार द्वारा निर्देशित था।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने सभी प्रतिभागियों को महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि ऐसे विद्यार्थी महाविद्यालय के गौरव हैं जिनसे महाविद्यालय की प्रतिष्ठा है, अगले स्तर पर पहुंचकर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे, ऐसी शुभकामनाएं में प्रेषित करती हूं। युवा उत्सव प्रभारी डॉ संतोष कुमार अहिरवार युवा उत्सव प्रभारी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कल 12 नवंबर 2024 को महाविद्यालय में गायन की पांच विधाएं संपन्न होगी। इन विधाओं में प्रतिभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में छोटे भाई की हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

**इटारसी, देशबन्धु।** केसला पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता अर्जित की है। अपनी पत्नी से अवैध संबंधों के शक में केसला ब्लाक के कासदा गांव के मजदूर युवक ने अपने दोस्त की मदद से अपने ही छोटे भाई को मौत के घाट उतार दिया। पहले आरोपियों ने छोटे भाई के साथ शराब पार्टी की, जब वह अधिके नशे में हो गया तो बका एवं हथौड़ी से उसकी हत्या कर दी।



आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या साबित करने लाश को रेलवे लाइन पर रख दिया था, लेकिन पुलिस ने सबूत एवं साक्ष्यों के आधार पर हत्या के षड्यंत्र का खुलासा कर दिया। केसला टीआई श्रीनाथ झरबड़े ने बताया कि 23 अक्टूबर को केसला थाने में स्टेशन मास्टर सहेली ने एक मेमो दिया था, जिसमें बताया था कि ट्रेन नंबर 12512 राप्ति सागर एक्सप्रेस के पायलट ने एक व्यक्ति के रेलवे ट्रेक पर मृत पड़े होने की सूचना दी है। स्टेशन मास्टर से प्राप्त मेमो के आधार पर थाना केसला में मर्ग कायम कर जांच में लिया। मर्ग जांच के दौरान पुलिस को लगा कि युवक ने आत्महत्या की है, उसकी शिनाख्त गोविंद बारस्कर पिता रामेश्वर बारस्कर निवासी कासदा के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने मृतक गोविंद के पिता रामेश्वर से पूछताछ की, पूछताछ में सामने आया कि मृतक गोविंद का सगा बड़ा भाई 29 वर्षीय राकेश उर्फ जुग्गा अपनी पत्नी पर चरित्र संदेह करता था, उसे शक था कि उसके भाई गोविंद से पत्नी के अवैध संबंध हैं, इस बात को लेकर आए दिन परिवार में झगड़ा होता था, जिससे नाराज होकर राकेश की पत्नी घर छोड़कर मायके चली गई थी, इस बात पर राकेश अपने भाई गोविंद से रंजिश रखता था।

हत्या की रात राकेश अपने दोस्त पिंटू उर्फ संदीप बारस्कर के साथ था, जब छोटा भाई गोविंद घर आया तो दोनों गोविंद को बाइक पर बैठाकर शराब पिलाने का कहकर रेलवे लाइन किनारे ले गए, यहां दोनों ने मिलकर गोविंद के साथ शराब पी, जब गोविंद नशे में धुत हो गया, तो पुराने रेलवे गेट कासदा में रेल पटरी पर ले जाकर पिंटू एवं राकेश ने गोविंद को लाइन पर पटक दिया, संदीप ने हाथ पकड़े, इसके बाद राकेश ने बके से हमला कर उसकी हत्या कर दी। जब गोविंद गिर गया तो उसके पैरों में हथौड़ी से लगातार हमला कर उसे मौत की नींद सुला दिया। मौत होने के बाद दोनों ने हत्या को आत्महत्या बताने के लिए उसकी लाश रेलवे लाइन पर पटक दी। लाश पर से ट्रेन गुजरने के कारण सिर और धड़ अलग हो गया।

मृतक के माता-पिता के बयानों एवं गांवों में मुखबिरों से मिले इनपुट के बाद जब पुलिस ने संदीप और राकेश से पूछताछ की तो दोनों टूट गए, इसके बाद उन्होंने हत्या की पूरी कहानी साफ कर दी। पुलिस ने खुलासे के बाद संदीप उर्फ पिन्टू बारस्कर पिता कमलसिंह बारस्कर एवं राकेश उर्फ जुग्गा पिता रामेश्वर बारस्कर निवासी कासदा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। राकेश के चाचा ने पुलिस को बताया था कि रात में उन्होंने संदीप और राकेश को बाइक से रेलवे लाइन तरफ जाते हुए देखा था, इनके वाहन पर बीच में गोविंद भी सवार था, इससे पुलिस का संदेह गहरा गया, शराब दुकान और अन्य स्थानों पर मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल हो गई।

आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त बका, हथौड़ी एवं घटना के वक्त पहने कपड़े, बाइक जब्त कर ली। इस हत्याकांड के लिए एसपी डॉ. गुरकरन सिंह, एएसपी आशुतोष मिश्र के नेतृत्व में एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान द्वारा थाना प्रभारी श्रीनाथ झरबड़े, एएसआई अनिल शर्मा, सुरेन्द्र सराठे, प्रधान आरक्षक युयुत्स यादव, विनोद राजपूत, कपिल कौशल, महेश साहू, जितेन्द्र करछले, संजय नरें, अमित धुर्वे, सुरेश धुर्वे, बबलू बटके, प्रेम बडोदे, मनोज डोंगरे, चालक टिल्लू उइके, सैनिक चंद्रकांत चिमानिया, मुकेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### 70 वर्ष से अधिक आयु के 52 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये

**हरदा, देशबन्धु।** जिला न्यायालय परिसर में सोमवार को विधिक सेवा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में हितग्राहियों का स्वास्थ्य



परीक्षण किया गया तथा 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि शिविर में कुल 52 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इसके अलावा 69 लोगों की आभा आईडी बनाई गई। शिविर में आये मरीजों की हाइपर टेंशन व डायबिटीज की स्क्रीनिंग भी की गई।

### निवेशकों के लिये औद्योगिक सम्मेलन आज

**हरदा, देशबन्धु।** नवीन औद्योगिक क्षेत्र के विकास की संभावनों को ध्यान में रखते हुए निवेशकों के लिये औद्योगिक सम्मेलन एवं स्वरोजगार योजनाओं के तहत लाभ वितरण सह किसान संगोष्ठी कार्यक्रम 12 नवम्बर को आयोजित होगा। प्रभारी महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र सचिन रोमड़े ने बताया कि यह कार्यक्रम होटल हवेली गार्डन में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगा। उन्होने इस कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक निवेशकों से अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट सहित कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### बिरसा मुण्डा जयंती पर 103 वनग्रामों में 15 को होंगी विशेष ग्रामसभाएं

**हरदा, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150 वीं जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 103 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के 103 ग्रामों में प्रधानमंत्री जनमन अभियान के आधार पर 18 विभागों की कुल 25 योजनाओं से प्रत्येक पात्र जनजातीय परिवार को लाभान्वित किया जाएगा। कलेक्टर आदित्य सिंह ने इसके लिये संबंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये है।

जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग डॉ. कविता आर्य ने बताया कि इस विशेष ग्रामसभा सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में ग्रामीणों को ''पेसा'' एवं वन अधिकार अधिनियम के संबंध में बताया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता एवं मद्य निषेध की शपथ दिलाई जाएगी। इस दौरान ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया जाएगा। शासन के निर्देश अनुसार जनजातीय वर्ग के लोगों के लिये आवास, सड़क, पेयजल, बहुद्देशीय भवन, आंगनवाड़ी, पोषण वाटिका, विद्युतीकरण, छात्रावास व आश्रम, मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा दिलाई जाएगी।

### 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा सांस अभियान

**हरदा, देशबन्धु।** निमोनिया के प्रारंभिक लक्षणों की समय पर पहचान, प्रारंभिक उपचार एवं उचित स्वास्थ्य संस्था में रेफर तथा निमोनिया के सबंध में जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक ''सांस'' अभियान चलाया जाएगा। उन्होने बताया कि अभियान का लक्ष्य वर्ष 2025 तक पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु को 5.1 प्रति हज़ार जीवित जन्म से 3 प्रति हजार जीवित जन्म लाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि बाल मृत्यु में कमी लाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होने बताया कि पांच वर्ष तक के बच्चों में सबसे अधिक मृत्यु का कारण निमोनिया संक्रमण है। निमोनिया के प्रकरण मुख्यत: सर्दी, अधिक प्रदूषण, धुंए वाले क्षेत्र एवं स्लम एरिया में अधिक होने की सभावना रहती है।

### बस स्टेंड सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन आज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नगरपालिका द्वारा नगर में विकास कार्यों की गति तेज कर दी गई हैं। अभी हाल ही में फेफरताल तालाब के सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन कर विकास कार्यों की शुरूआत कर दी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा बताया गया कि 2.53 करोड़ की लागत से बस स्टेंड का कायाकल्प और 49.64 लाख से मीनाक्षी चौक के सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम 12 नवंबर मंगलवार को 12.30 बजे से बस स्टैंड परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम नरसिंहपुर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की गरमामयी उपस्थिति में तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नर्मदापुरम विधायक डॉ सीताशरण शर्मा करेंगे।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिये आवेदन 15 नवम्बर तक

**हरदा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में 12 माह की इंटर्नशिप से युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण मिलेगा और भविष्य में रोज़गार के अवसर भी सुलभ होंगे। योजना में शामिल होने 15 नवम्बर तक आवेदन किये जा सकते है।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना' युवाओं को रोजगारपरक बनाने के लिये केन्द्रीय कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की महत्त्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है, जिससे उन्हें वास्तविक कार्यानुभव प्राप्त हो सके और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि हो। योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यावसायिक वातावरण से परिचित करवाना है।

# भगवान शिव से बड़ा कोई वैष्णव नही और भगवान राम से परम कोई शैव नही: आचार्य सोमेश

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** श्री विद्या ललिताम्बा समिति के तत्वाधान एवम आचार्य सोमेश परसाई के सान्निध्य में आयोजित श्री सवाकरोड शिवलिंग निर्माण के पंचम दिवस पर आचार्य सोमेश ने शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि भक्ति वह है जो भक्त को सरल सहज बनाये।

भगवान के पार्षद जय और विजय की कथा का विस्तार करते हुए आचार्य ने कहा कि भगवान के भक्त यदि अभिमानी हो जाये तो भगवान स्वयं उनका अभिमान समाप्त करते हैं। आचार्य ने कहा कि भक्ति भक्त भगवान और गुरु को एक ही रूप मानना चाहिए इनमें कोई भेद नही है। इसके पश्चात पूज्य गुरुदेव ने राम चरित्र मानस की चौपाई की व्याख्या करते हुए कहा कि जिसके मन मे प्राणी मात्र के लिए प्रेम नही उसके लिए भगवत्प्राप्ति संभव नही। भगवान को केवल प्रेम से प्राप्त किया जा सकता है। आचार्य ने शिव भक्तो को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान् को भेद दृष्टि से न देखे। शिव, राम, कृष्ण सब एक ही है। राम सबसे बड़े शैव हैं और शिव से बड़ा कोई वैष्णव नहीं।

आचार्य ने कहा कि श्रीमद्भागवत के दशम स्कंध में भगवान कृष्ण की कथा आती है भगवान कृष्ण की कथा से पूर्व भगवान राम की कथा सुनाते है क्योंकि भगवान कृष्ण को समझने के लिए पहले भगवान राम के आदर्श को समझना पड़ेगा भगवान राम की मर्यादा में उतरना पड़ेगा तब भगवान कृष्ण की लीलाएं हृदय में शुद्धता के साथ प्रवेश करेंगी अन्यथा नही ।क्योंकि भगवान कृष्ण एक ओर तो महारास रचाते है वही दूसरी ओर विराट स्वरूप में उस गीता का उपदेश देते हैं जिसकी व्याख्या विश्व की सबसे ज्यादा भाषाओं में की गई है ।गुरुदेव ने इसके बाद कहा कि राम बोलना सरल है कृष्ण बोलना कठिन ।राम लिखना सरल है कृष्ण लिखना कठिन



वैसे ही भगवान राम को समझना सरल है और भगवान कृष्ण को समझना कठिन ।ब्रह्मा इन्द्रादि देवता भी भगवान कृष्ण को नही समझ पाए तो हम तो मानव है।

आचार्य ने बताया कि भगवान शिव को अभिषेक ,भगवान विष्णु को कीर्तन,देवी को अर्चन सूर्य को अर्घ्य और गणेश जी को तर्पण अत्यंत प्रिय है ।जिस किसी के यहां संतान नही है यदि वो एक वर्ष भगवान गणेश को बिना जड़ की 21 दूर्वा अर्पण करता है तो निश्चित ही उसके यहां संतान होती है। धन प्राप्ति के लिए भगवान गणेश पंचामृत से तर्पण करने का भी प्रयोग आचार्य ने शिव भक्तों को बताया । इसके पश्चात भगवान शिव का दूध दही सहित नाना प्रकार के फलों के रस आदि से अभिषेक हुआ । भगवान की दिव्य भस्म आरती व महाआरती हुई । कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे प्रात: आचार्य पंकज पाठक ,आचार्य घनश्याम शर्मा ,पंडित सचिन तिवारी,पंडित हरिओम मिश्रा,दीपक दुबे, के निर्देशन में स्वस्तिवाचन मंडल पूजन गौ गणेश गौरी पूजन के साथ प्रारम्भ हुआ तत्पश्चात शिवभक्तों ने भक्ति भाव से रुद्री निर्माण किया।

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवम परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ,श्रीमति मंजू राव, प्रसिद्ध क्रिकेटर ईश्वर पांडे,सविता दीवान शर्मा,नीतू महेंद्र यादव,श्रीमती शिखा दुबे पूर्व एडिशनल चीफ सेकेट्री ,सृष्टि डेहरिया ,मनोहर सिंह राजपूत ,कुशल डेहरिया ,अनिल पाटीदार जिला प्रचारक आरएसएस,आदित्य नारोलिया,दीपिका नारोलिया, आदि गणमान्यजन के साथ भारी संख्या में शिवभक्त सम्मिलित हुए ।

जेल बंदियों ने रुद्रियों का किया निर्माण-समिति के सदस्य डी एस दांगी ने बताया कि जेल बंदियों ने एक लाख इक्कीस हज़ार रुद्रियों का निर्माण किया

सामाजिक संगठनों ने किया सम्मान-जिझौतिया ब्राह्मण समाज,सनाढ्य ब्राह्मण समाज ,कुचबंदिया समाज,आदिवासी महिला संगठन,गुप्ता समाज,सिंधी समाज,माहेश्वरी महासभा ,सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच,सर्व ब्राह्मण महिला संगठन,अधिवक्ता संघ ने आज आचार्य सोमेश का सम्मान किया। साथ में नगर के वरिष्ठ आचार्य ब्राह्मणों ने भी पूज्य गुरुदेव का सम्मान किया जिसमे प्रमुख रूप से आचार्य नीरजेश त्रिपाठी,भागवताचार्य अनिल मिश्रा ,आचार्य अशोक दुबे,चंद्रशेखर पुरोहित, अभिलाष शर्मा ,सोमनाथ शर्मा,युवराज दत्त आदि सम्मिलित हुए।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सही समय पर पहुंचे -कलेक्टर

### पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं के पंजीयन करवाए जाएं



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, और समय सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इस बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और आगामी कार्यक्रमों के लिए तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता जताई।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिले में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन सुनियोजित और व्यवस्थित तरीके से किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक सही समय पर पहुंच सके। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत अधिक से अधिक पात्र युवाओं के पंजीयन किए जाने के लिए शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जनपद पंचायतों के मुख?य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शिविर लगाकर योजना की जानकारी उसके लाभ युवाओं एवं उनके अभिभावकों को समझाते हुए अधिक से अधिक पंजीयन किए जाएं। कलेक्टर ने राज्य शासन द्वारा संचालित वृंदावन ग्राम योजना के संबंध में सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देश अनुसार कार्यवाही करते हुए अगले चार दिवसों में प्रस्ताव प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने आयुष्मान योजना अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा निर्देश दिए हैं कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की गति को निरंतर रखते हुए आगामी दिनों में शिविरों का आयोजन कर 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

## भगवान कृष्ण की लीलाएं जनमानस को देती है संदेश: आचार्य नारायण

**हरदा, देशबन्धु।** नार्मदीय ब्राह्मण धर्मशाला में सोमवार को भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक आचार्य नारायण साकल्ले ने गोवर्धन पर्वत पूजन महत्व,अन्नकूट उत्सव मनाने का कारण,श्री कृष्ण की लीलाओं पर प्रसंग सुनाए।





आचार्य नारायण ने कहा कि देवराज इंद्र ने बृजवासियों से नाराज होकर भारी वर्षा की, ऐसे हालात में भगवान कृष्ण ने अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी की रक्षा की। भगवान ने इंद्र के अभिमान को चकनाचूर किया ।इंद्र ने सात दिनों तक भारी वर्षा की फिर उसे अहसास हुआ कि यह चमत्कार कोई आम मनुष्य नहीं कर सकता। अन्नकूट उत्सव में श्रद्धालु भगवान को 56 भोग लगाते एवं गिरिराज जी का पूजन करते है ।कथा के दौरान भगवान गिरिराज जी को 56 भोग लगाए गए ।कथा वाचक ने कहा कि मनुष्य को कभी अभिमान नहीं करना चाहिए ।हम ईश्वर की लीलाओं को पहचान नहीं पाते है,भगवान कृष्ण ने अपनी लीलाओं से जनमानस को संदेश दिया है ।कथा के दौरान कृष्ण की बाल लीलाओं में ग्वाल बालों के साथ माखन चोरी,गोवर्धन पर्वत लीला की सजीव झांकी का श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। व्यासपीठ द्वारा गाये भजनो से वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा के दौरान भादूगांव मठ के ओंकार दास महाराज, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के लिए तीनों जिलों के उद्योगपतियों के पंजीयन प्राथमिकता से हो: संभागायुक्त

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नर्मदापुरम संभागायुक्त केजी तिवारी ने नर्मदापुरम जिले में 7 दिसंबर को आयोजित होने वाले छठवें रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के संबंध में हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिले के उद्योगपतियों का रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन प्राथमिकता से कराना सुनिश्चित करें। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में रजिस्ट्रेशन एक महत्वपूर्ण पार्ट है। संभागायुक्त ने निर्देश दिए की कॉन्क्लेव से पहले जितने भी क्लीयरेंस है उसे अभी से निराकृत कर लिए जाएं। उन्होंने कहा की एनओसी जैसी कोई समस्या ना रहे। संभागायुक्त ने सभी कलेक्टर्स से कहा कि वह जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में चर्चा अनिवार्य रूप से कर लें। संभागायुक्त ने कहा की तवा नहर से सिंचाई के लिए प्रवाहित जल की निरंतर मॉनिटरिंग एवं पानी प्रवाहित हो रही है उसका निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहां की टेल क्षेत्र तक पानी अनिवार्य रूप से पहुंचे। उन्होंने राजस्व, एमपीबी एवं जल संसाधन विभाग के अमले को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।



संभागायुक्त ने सीपीग्राम एवं सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग कर प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए और कहां की कोई भी प्रकरण लंबे समय तक पेंडिंग ना रहे। उन्होंने तीनों जिलों में आयोजित होने वाली जनसुनवाई के प्रकरणों की पोर्टल में एंट्री करने की कार्यवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने सीमांकन के प्रकरणों में भी निराकरण तेज गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी वर्तमान समय में खेतों की स्थिति देखते हुए सीमांकन करना आसान है। अत: सीमांकन का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने लोक सेवा गारंटी से प्राप्त राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए ।संभागायुक्त ने आरसीएमएस पोर्टल पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति एवं लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व वसूली की प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कृष्ट अभियान, जनजातिय गौरव दिवस जो 15 नवंबर को आयोजित किया जाएगा के संबंध में आवश्यक जानकारी ली तथा छात्रवृत्ति वितरण हेतु प्रोफाइल अपडेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा की।

संभागायुक्त ने वृंदावन ग्राम योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की स्थिति, सोयाबीन उपार्जन एवं आगामी रबी फसल हेतु सिंचाई एवं खाद की उपलब्धता की जानकारी ली। बताया गया कि जिले में खाद की मांग के अनुसार आपूर्ति हो रही है। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की। संभागायुक्त ने समग्र पोर्टल पर जन्म मृत्यु संबंधी जानकारी को स्थानीय निकायों द्वारा सतत रूप से अध्ययन किए जाने की प्रगति की स्थिति की समीक्षा की साथ ही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य आयुष्मान कार्ड के कवरेज की प्रगति की स्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि तीनों जिलों में 70 प्लस वाले व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य प्रगति पर है।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने हर्षोल्लास से मनाया अन्नकूट उत्सव,लगाया 56 भोग

## हमारी संस्कृति ,सभ्यता ही हमारी पहचान : प्रकाशानंद

**हरदा, देशबन्धु।** राष्ट्र सुरक्षित रहेगा,तो धर्म सुरक्षित रहेगा।धर्म सुरक्षित रहेगा तो हम सुरक्षित रहेंगे ।स्वयं की सुरक्षा के लिए हमें विचार करना होगा ।हमारी संस्कृति,सभ्यता से ही हमारी पहचान है। यह बात रविवार को रेवा गार्डन में आयोजित अन्नकूट उत्सव में अखिल भारतीय संत समाज अध्यक्ष प्रकाशानंद महाराज ने कही।

प्रकाशानंद ने कहा कि ब्राह्मण अपने कर्म का पालन करे ।वह त्रिकाल संध्या करे ।सभी एकता का परिचय दे ।ब्राह्मण एक तिथि एक त्यौहार विषय पर एक मत होकर समाज को दिशा दे। इस मौके पर भागवताचार्य आचार्य नारायण साकल्ले भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम एवं गिरिराज जी के पूजन से हुई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने भगवान गिरिराज का पूजन कर उन्हें 56 भोग का प्रसाद लगाया ।इसके बाद महाआरती हुई। आरती के दौरान भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं रंगारंग आतिशबाजी भी की गई।

स्वागत उद्बोधन समाज के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने दिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री लोकेश शर्मा ने किया।अंत में आभार अन्नकूट उत्सव प्रभारी संदीप स्वामी ने व्यक्त किया ।कार्यक्रम के दौरान नीतू बुंदेला जबलपुर एवं सुदीप मिश्रा द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु जमकर थिरके।





**नगर,युवा एवं महिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार-** कार्यक्रम के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज संगठन ने अध्यक्ष सुनील तिवारी सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला एवं सचिव सौरभ तिवारी को बनाया गया ।वहीं संगठन ने संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित, अध्यक्ष सुनील तिवारी, महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया की सहमति से युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर,कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप मंडलोई, सचिव नवीन शर्मा ने युवा कार्यकारिणी को विस्तार देकर नए दायित्व सौंपे ।इस दौरान युवा इकाई में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक पाराशर,शुभम वशिष्ठ,प्रणव जोशी,श्रेयश तिवारी,महेश तिवारी, उपाध्यक्ष आयुष साकल्ले,उदय वशिष्ठ,प्रतीक शर्मा,जीतेश नाइक,पंकज मिश्रा,आदित्य तिवारी,आशीष तिवारी,दुर्गेश मिश्रा,संगठन मंत्री अदित गुरु,चिन्मय पांडे,सक्षम स्वामी,सिद्धार्थ दुबे,मीडिया प्रभारी दीपक चौबे,प्रशांत शर्मा,सदस्य अनुज शर्मा,प्रकाश पुरोहित को बनाया गया। वहीं महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया सचिव अदिति गुरु ने मुख्य कार्यकारिणी की सहमति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधा पुरोहित,शशि शर्मा,अंजना पाराशर,योगमाया शर्मा अनीता तिवारी,कल्पना काशिव,उपाध्यक्ष ममता पुरोहित,सुनीता तिवारी,हेमा शर्मा,राखी वशिष्ठ,अश्लेषा शुक्ला, दर्शना पांडे,सहसचिव प्रीति शर्मा,मनीषा मंडलोई,प्रतीक्षा उपाध्याय,नम्रता पुजारी,सोनाली चौबे,नीतू शर्मा,निशा दुबे,मीनाक्षी तिवारी,सविता शर्मा को बनाया ।वहीं महिला कार्यकारिणी में वार्ड प्रभारी भी बनाए गए।

## उपार्जन के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** उप सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन नीति एवं उपार्जन के कियान्वयन हेतु निर्धारित स्ह्रक्कजारी की गई है। निर्धारित स्ह्रक्ककी कंडिका 19 अनुसार उपार्जन के संपूर्ण कार्य पर्यवेक्षण, उपार्जन की समस्त प्रक्रिया, स्कंध की गुणवत्ता, सघन पर्यवेक्षण, निरीक्षण तथा उपार्जन नीति अंतर्गत आने वाली कठिनाईयों का निराकरण करने हेतु कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा जिला स्तरीय उपार्जन समिति गठित की गई है।

समिति में कलेक्टर अध्यक्ष, अपर कलेक्टर (विकास) सदस?य, जिला लीड बैंक अधिकारी नर्मदापुरम सदस्य, उप संचालक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नर्मदापुरम सदस्य, उपायुक्त सहकारिता नर्मदापुरम सदस्य, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी नर्मदापुरम सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नर्मदापुरम सदस्य, जिला विपणन अधिकारी नर्मदापुरम सदस्य, जिला प्रबंधकनर्मदापुरम सदस्य, जिला प्रबंधक, नर्मदापुरम सदस्य, अधीक्षक, भू-अभिलेख नर्मदापुरम सदस्य, सचिव कृषि उपज मंडी नर्मदापुरम (जिला मुख्यालय की मंडी के) सदस्य एवं जिला आपूर्ति नियंत्रक नर्मदापुरम सदस्य सचिव रहेंगे। उक्त गठित समिति शासन द्वारा जारी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन नीति एवं उपार्जन के कियान्वयन हेतु निर्धारित स्ह्रक्कमें दिये गये प्रावधानों के अनुसार सौपे गये समस्त दायित्वों का निर्वहन करेंगी। जिला स्तरीय उपार्जन समिति उपार्जन संबंधी समस्त विवादों का अंतिम निराकरण तथा उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की निगरानी करेगी।

**उप-खण्ड स्तरीय उपार्जन समिति गठित:** धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन नीति एवं उपार्जन के कियान्वयन हेतु निर्धारित कंडिका 19 अनुसार उपार्जन के संपूर्ण कार्य पर्यवेक्षण, उपार्जन की समस्त प्रकिया, स्कंध की गुणवत्ता, सघन पर्यवेक्षण, निरीक्षण तथा उपार्जन नीति अंतर्गत आने वाली कठिनाईयों का निराकरण करने हेतु कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा उप-खण्ड स्तरीय उपार्जन समिति गठित की गई है। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अध्यक्ष, अनुविभागीय अधिकारी (कृषि) सदस्य, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, गोदाम प्रभारी, गोदाम प्रभारी, सचिव कृषि उपज मंडी सदस्य एवं सहायक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सदस्य सचिव रहेंगे। उक्त गठित समिति शासन द्वारा जारी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 की धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन नीति एवं उपार्जन के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सौपे गये समस्त दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

## सीईओ ने खिरकिया में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की

**हरदा, देशबन्धु।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमति सविता झानिया द्वारा जनपद पंचायत खिरकिया में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने पंचायत सचिव, एडीओ, पीसीओ व उपयंत्रीयों को प्रधानमंत्री आवास योजना ,मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही सीएम हेल्प लाइन और समाधान ऑन लाइन की शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खिरकिया प्रवीण इवने भी उपस्थित थे।

## हनुमान चालीसा महापाठ एवं अन्नकूट का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी हरदा द्वारा विप्र सामाजिक एकता एवं धर्म प्रचार के संकल्प के तहत जारी साप्ताहिक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी अनंतानंद सरस्वती (पीठाधीश्वर राजगुरू मठ वाराणसी) के सानिध्य में हनुमान चालीसा महापाठ का गौरवमयी आयोजन किया गया।

आयोजन की जानकारी देते हुए ब्राह्मण समाज के सचिव पं. उदय बेलापुरकर ने बताया कि संगठन द्वारा हनुमान चालीसा के दो वर्ष पूर्ण होने पर गौरवमयी आयोजन एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन सीताराम गार्डन सिविल लाइन थाने के सामने आयोजित हुआ ।आयोजन में उपस्थित सदस्यों ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में संचालक पं. प्रफुल्ल दुबे ने बताया कि दो वर्ष पूर्ण होने के साथ हनुमान चालीसा के 11000 पाठ संख्या भी पूर्ण हो चुकी हैं। अध्यक्ष पं. रजनीश शर्मा ने




बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित विद्वान आचार्यों, प्रकाण्ड पुरोहित जनों द्वारा पूर्ण मंत्रोच्चार से विप्र परम्परा का निर्वहन कर कार्यक्रम सुशोभित किया। इस अवसर पर राजगुरु मठ वाराणसी के शंकराचार्य अनंतानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में सभी उपस्थित विप्राण एवं क्षेत्र वासियों एवं समस्त सनातनी बंधुओ से भी आग्रह किया कि वे प्राचीन सनातन हिंदू धर्म की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहे एवं हिंदू धर्म को बढ़ावा देने हेतु सतत प्रयासरत रहें । इस प्रकार के वैदिक धार्मिक सनातनी आयोजन होते रहे जिससे ये संदेश जाए कि सनातनी परंपराएं किस तरह हमें एक दूसरे से जोड़े रखती हैं। उन्होंने कहा कि सनातन हिंदू धर्म की परंपराओं को घर-घर पहुंचने का विशेष कार्य ब्राह्मण समाज के ऊपर होता है। अलग-अलग वार्षिक विधानों से हम हमारी अति प्राचीन सनातनी सभ्यता का निर्वहन करते हैं। इसके बाद छप्पन भोग का नैवेद्य अर्पित कर गिरिराज जी श्रीनाथजी की आरती की गई एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में आभार पं. अरुण शर्मा ने व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज वेलफेयर सोसाइटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नर्मदापुरम, मंगलवार 12 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नये मुख्य न्यायाधीश से अपेक्षाएं

बतौर मुख्य न्यायाधीश हाल के वर्षों में सबसे लम्बे कार्यकाल को पूरा करने वाले जस्टिस डीवाई चन्द्रचूड़ के सेवानिवृत्त होने के बाद भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस संजीव खन्ना ने सोमवार को कार्यभार सम्हाल लिया है। अगले छह माह तक इस जिम्मेदारी को संभालने के बाद वे 13 मई, 2025 को रिटायर होंगे। पिछले कुछ वर्षों से देश के जो हालात हैं तथा न्यायदान की इस सर्वोच्च संस्था में ही जो कुछ हुआ है उसके चलते अब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से सिर्फ इस बात की अपेक्षा नहीं रह जाती कि वे लम्बित मामलों को कितनी जल्दी निपटाते हैं; या उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के कामकाज को कितना सहज बनाया अथवा अपने दायरे में कौन से व्यवस्थागत सुधार किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्य पद्धति ने शीर्ष अदालत की भूमिका को औपचारिक जिम्मेदारियों से कहीं अधिक बड़ा और महत्वपूर्ण बना दिया है। जस्टिस खन्ना के पूर्ववर्ती चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ द्वारा जिस तरीके से अपने प्रारम्भिक कार्यकाल में आस जगाई परन्तु जाते-जाते उनका जो आकलन हुआ वह निराशाजनक रहा। इसलिये अब मुख्य न्यायाधीश जस्टिस खन्ना समेत आने वाले हर सीजेआई के कामों की समीक्षा इस आधार पर होगी कि वे सरकार से संविधान तथा नागरिक अधिकारों को कितना बचा पाते हैं।

51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस खन्ना की सिफारिश 2019 की कोलेजियम ने की थी। यदि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि को देखें तो वे जस्टिस हंसराज खन्ना के भतीजे हैं, जिन्होंने आपातकाल के दौरान हैबियस कॉर्पस वाले मामले में अकेली असहमति जताई थी। उन्होंने कहा था कि बगैर समुचित प्रक्रिया के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलम्बित नहीं किया जा सकता। इसका खामियाजा उन्हें इस रूप में भुगतना पड़ा था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मुख्य न्यायाधीश के चयन में उनकी वरिष्ठता को नज़रंदाज कर दिया था। फलत: उन्होंने सत्ता के सामने सिर न झुकाते हुए त्यागपत्र दे दिया था। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में उनका सम्मानजनक स्थान बना हुआ है। जस्टिस संजीव खन्ना का न्यायविदों का परिवार है जो अपनी ईमानदारी व कर्तव्य परायणता के लिये प्रसिद्ध है।

जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट से आते हैं और इस कोटे में सुप्रीम कोर्ट के इस पद तक पहुंचने वाले वे दो दशकों में पहले न्यायाधीश हैं। हालांकि इस मानदण्ड में किसी को सीजेआई बनाने की व्यवस्था का पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं वर्तमान सांसद रंजन गोगोई ने अपनी आत्मकथा में मज़ाक उड़ाते हुए कहा है कि यह लाभ मिलने का कोई आधार नहीं हो सकता, वैसे ही जैसे कि उन्हें उनके बहुत छोटे कार्यकाल का मिल रहा है। जस्टिस गोगोई अनेक फैसलों तथा व्यक्तिगत जीवन के कारण बेशक विवादास्पद (रामजन्म भूमि का फैसला, खुद पर लगे यौन उत्पीड़न के मामले की खुद सुनवाई करना, सेवानिवृत्त होकर राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करना आदि) रहे हैं परन्तु उनका यह कहना तर्कसंगत है कि दिल्ली कोटे तथा कार्यकाल के चलते किसी का चीफ जस्टिस बनना उचित नहीं है। इस मानदण्ड पर देखें तो जस्टिस संजीव खन्ना कोई विशेष योग्यता लेकर नहीं आ रहे हैं। इसके बावजूद यदि उनके अब तक के महत्वपूर्ण निर्णयों को देखें तो कुछ फैसले उल्लेखनीय हैं। इनमें प्रमुख है चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करना तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस आधार पर जमानत देना कि उन्हें जेल में पहले ही 90 दिनों तक रखा जा चुका था।

मुख्य न्यायाधीश पद के साथ जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी जुड़ी है, वह है 'मास्टर ऑफ दि रोस्टर' की। यानी कौन सा मामला किस जस्टिस के पास सुनवाई के लिये जाये, यह निर्धारण भी उसे करना होता है। लम्बे समय तक सीजेआई के इस उत्तरदायित्व के बारे में लोगों को बहुत कम जानकारी थी परन्तु पिछले दिनों सरकार के विरोधी कहे जाने वाले अनेक लोगों के मामले जब एक ऐसी न्यायाधीश के पास जाने लगे जो गुजरात हाईकोर्ट से आई हुई हैं, तो लोगों की नजरें चीफ जस्टिस के 'मास्टर ऑफ दि रोस्टर' की भूमिका पर भी गयीं। वह भी इसलिये कि उन जस्टिस की कलम से ज्यादातर ऐसे निर्णय आये जो सरकार के पक्ष में थे। नये सीजेआई को 'मास्टर ऑफ दि रोस्टर' की भूमिका तथा कार्यप्रणाली में ही पारदर्शिता तथा निष्पक्षता लानी होगी। मास्टर की शक्तियां असीमित हैं और उसे चुनौती देना तो दूर, उस पर सवाल भी खड़े नहीं किये जा सकते। जस्टिसों की नियुक्तियों के लिये बने कोलेजियम के कामकाज को पारदर्शी बनाने की भी जस्टिस खन्ना की जिम्मेदारी होगी जो पारदर्शी न्याय प्रणाली की मांग करने वाले चाहते रहे हैं।

वकालत में 23 वर्षों का अनुभव रखने वाले जस्टिस खन्ना दिल्ली हाईकोर्ट में फरवरी 2006 में परमानेंट जज बने थे। सुप्रीम कोर्ट में अनेक महत्वपूर्ण फैसलों में वे स्वतंत्र रूप से या बेंच का हिस्सा रहे। उन्होंने शत-प्रतिशत वीवीपैट मिलान की मांग को खारिज कर दिया था जिसके कारण ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में गया है। ऐसे ही, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 रद्द करने के खिलाफ दायर याचिका को अमान्य कर दिया था जो भाजपा के साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का उपकरण था। वैसे वे मोदी सरकार की लाई इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक कहने वाली बेंच का हिस्सा थे, लेकिन इसमें किसी से एक पैसे की भी वसूली नहीं की। यानी गैरकानूनी धन उसे पाने वाले के पास ही रहने दिया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले पर बनी 3 सदस्यीय बेंच का भी वे हिस्सा थे जिसने शिकायत को रद्द कर दिया था। बेंच ने मामले की प्रेस द्वारा रिपोर्टिंग पर भी रोक लगाई थी। इस पर भी कई सवाल उठे थे। अब मौजूदा निरंकुश कार्यपालिका के समक्ष न्यायपालिका के प्रमुख सूत्रधार के रूप में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना अपने छह महीनों के कार्यकाल में क्या उनसे बंधी अपेक्षाएं पूरी कर पाते हैं और न्यायपालिका की साख को और ऊंचा उठाते हैं, ये देखना होगा।

# महाराष्ट्र : मोदी का खाली तरकश



राजेंद्र शर्मा

महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के बीचों-बीच, भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति की सबसे बड़ी दरार खुलकर सामने आ गयी है। एनसीपी के अजित पवार गुट ने, गठजोड़ की अपनी सबसे बड़ी सहयोगी, भाजपा के शीर्ष स्टॉर प्रचारक, योगी आदित्यनाथ के इस राज्य में चुनाव प्रचार में 'कटेंगे तो बटेंगे' जैसे सांप्रदायिक नारों का इस्तेमाल करने और सांप्रदायिक विभाजन करने वाली बोली बोलने पर, सार्वजनिक तौर पर आपत्ति जताई है। उन्होंने एक से ज्यादा मौकों पर कहा है कि 'बाहर से आकर लोग यह सब कहकर चले जाते हैं, महाराष्ट्र के लोग यह सब पसंद नहीं करते हैं', 'महाराष्ट्र में यह सब काम नहीं करता है'। और यह भी कि महाराष्ट्र के लोग शिवाजी, साहूजी महाराज और अंबेडकर की परंपरा पर चलने वाले हैं, जो किसी से भेदभाव नहीं करना सिखाती है, आदि। यह दिलचस्प है कि खुद भाजपा के किसी प्रमुख नेता ने तो इस मुद्दे पर अजित पवार को जवाब देने की जरूरत नहीं समझी है, लेकिन शिव सेना के शिंदे गुट में नये-नये प्रवक्ता बने, संजय निरुपम ने जरूर उन्हें यह समझाने की कोशिश की है कि योगी ने जो कहा सही था और समय के साथ अजित पवार की भी समझ में आ जाएगा।

याद रहे कि इससे पहले भी नवाब मलिक को एनसीपी का टिकट दिए जाने पर, भाजपा के साथ अजित गुट की खींचतान सामने आई थी। मलिक का नाम भाजपा के नेतागण तब से बड़े जोर-शोर से दाऊद इब्राहिम से जोड़ते आए थे, जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार में मलिक मंत्री थे और बाद में मलिक को कई आरोपों में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जेल में बंद भी रखा गया था। दिलचस्प है कि मलिक की बेटी को भी इस चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन की तरफ से टिकट मिला है, लेकिन उनके प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा ने कोई विरोध नहीं जताया है बल्कि महायुति के हिस्से के तौर पर उनके लिए चुनाव प्रचार करने का वादा भी किया है। लेकिन, नवाब मलिक के मामले में भाजपा ने, उनके पक्ष में चुनाव प्रचार न करने का ऐलान किया है। फिर भी इसे भाजपा के नेतृत्व वाले सत्ताधारी गठजोड़ के अंदर थोड़ी-बहुत खींचतान का ही मामला कहा जाएगा। लेकिन, आदित्यनाथ के सांप्रदायिक बोलों पर अजित पवार की एनसीपी के सार्वजनिक रूप से विरोध जताने के, कहीं गहरे और गंभीर निहितार्थ हैं।

बेशक, इन गंभीर निहितार्थों का अर्थ यह कतई नहीं है कि इन मतभेदों के चलते सत्ताधारी गठजोड़ में कोई ऊपर से दिखाई देने वाली दरार पड़ जाने वाली है, जिसका 20 नवंबर को होने वाले चुनाव पर कोई गंभीर असर होने जा रहा हो। ऐसा कुछ भी होने वाला नहीं है। इसका कुछ अंदाजा तो इसी तथ्य से लग जाता है कि भाजपा इसे कोई बड़ा मुद्दा बनाने से बचने की ही कोशिश करती नजर आ रही है। एक प्रकार से अजित पवार ही हैं जो इसे मुद्दा बना रहे हैं, जबकि भाजपा इस विवाद से बचती ही नजर आती है। इसकी वजह यह है कि भाजपा अच्छी तरह से जानती है कि वह सत्ताधारी गठजोड़ में किसी तरह की टूट की इजाजत नहीं दे सकती है। उसे चुनाव में पूरा गठजोड़ एकजुट चाहिए ही, वर्ना पहले ही मुश्किल नजर आ रहे चुनाव में, सत्ता उसके हाथ से फिसल जाएगी। इसलिए, हैरानी की बात नहीं होगी कि भाजपा अपनी ओर से इस मामले में अजित पवार की चिंताओं को कुछ रियायत भी देने के लिए तैयार हो जाए। मिसाल के तौर पर अजित पवार ने योगी के बोलों पर अपनी आपत्ति, नरेंद्र मोदी की महाराष्ट्र की चुनावी रैलियों की पूर्व-संध्या में दर्ज कराई थी। इसलिए, यह देखना दिलचस्प होगा कि खुद प्रधानमंत्री, विभाजनकारी बोलों से कितना परहेज करते हैं या अजित पवार की आलोचनाओं को पूरी तरह से अनदेखा ही कर देते हैं। वैसे मोदी जी महाराष्ट्र में अपनी पहले की सभाओं में और हाल ही में झारखंड की अपनी चुनाव रैलियों में, योगी के नारे को मामूली रंग-रोगन के साथ बाकायदा अपना भी चुके थे—एक रहेंगे, तो सेफ रहेंगे! हो सकता है कि कांख भी ढकी रहे और मुट्ठी भी तनी रहे की ऐसी ही चतुराई प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के अपने चुनावी दौरे में भी दिखाएं।

> अजित पवार भी कोई इस मुद्दे पर सत्ताधारी गठजोड़ से नाता तोड़ने के लिए उत्सुक नहीं हैं। इसके विपरीत, वह सत्ताधारी गठजोड़ में बने रहने के लिए उत्सुक ही नजर आते हैं। हां! संघ-भाजपा की अल्पसंख्यक-विरोधी और खासतौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यक-विरोधी छवि से, वह खुद को अलग जरूर दिखाना चाहते हैं। याद रहे कि अजित पवार की एनसीपी की सत्ताधारी गठजोड़ में मौजूदगी शुरू से ही एक असहज सी मौजूदगी रही है।

कहने की जरूरत नहीं है कि अजित पवार भी कोई इस मुद्दे पर सत्ताधारी गठजोड़ से नाता तोड़ने के लिए उत्सुक नहीं हैं। इसके विपरीत, वह सत्ताधारी गठजोड़ में बने रहने के लिए उत्सुक ही नजर आते हैं। हां! संघ-भाजपा की अल्पसंख्यक-विरोधी और खासतौर पर मुस्लिम अल्पसंख्यक-विरोधी छवि से, वह खुद को अलग जरूर दिखाना चाहते हैं। याद रहे कि अजित पवार की एनसीपी की सत्ताधारी गठजोड़ में मौजूदगी शुरू से ही एक असहज सी मौजूदगी रही है। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि एनसीपी के शीर्ष नेताओं में से होने के चलते, अजित पवार हमेशा से ही संघ-भाजपा के निशाने पर रहे थे और कांग्रेस-एनसीपी सरकार के समय में शक्तिशाली मंत्री रहते हुए उन पर भाजपा ने, भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए थे। यहां तक कि अजित पवार गुट के सत्ताधारी गठजोड़ में आकर मिलने से चंद रोज पहले तक, खुद प्रधानमंत्री मोदी उन पर 75 हजार करोड़ रुपए के सिंचाई घोटाले के आरोप लगा रहे थे। प्रतिद्वंद्विता के इस लंबे इतिहास के चलते, अजित पवार का सत्ताधारी गठजोड़ में लिया जाना, आरएसएस को गवारा नहीं हुआ था।

लोकसभा चुनाव के बाद, जब महाराष्ट्र में चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठजोड़ की बुरी दुर्गति हुई, आरएसएस ने और भाजपा के भी एक हिस्से ने सार्वजनिक तौर, हार का ठीकरा अजित पवार गुट को सत्ताधारी गठजोड़ में शामिल किए जाने के सिर पर ही फोड़ने की कोशिश की थी। आरएसएस के अखबारों ने बाकायदा इसे भाजपा की हार का प्रमुख कारण ही बताया था। कम से कम इसके बाद से अजित पवार को इसमें कोई भ्रम नहीं रह गया होगा कि गठजोड़ में उनकी हैसियत, भाजपा की मजबूरी की ही है। जाहिर है कि भाजपा की मजबूरी का मतलब, चुनाव की मजबूरी ही है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मुस्लिम-विरोधी छवि की यह चिंता सत्ताधारी गठजोड़ के तीसरे घटक, शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना की भी होगी, हालांकि वह न तो इसे लेकर उतनी मुखर नजर नहीं आती है।

लेकिन, इस सारी खींच-तान का अर्थ यह हर्गिज नहीं है कि भाजपा अपने मुस्लिमविरोधी चेहरे के साथ किसी तरह से समझौता करने जा रही है, उसमें कोई नरमी आने देने वाली है। इसके विपरीत, उसकी रणनीति यही लगती है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के ताप से, अपने मूल सांप्रदायिक समर्थन आधार को ज्यादा से ज्यादा सक्रिय रखा जाए। याद रहे कि लोकसभा चुनाव के समय संघ परिवार के कुछ हिस्सों के उदासीन हो जाने की शिकायतें भी सुनने में आई थीं। बहरहाल, हिंदू वोट का यह अधिकतम ध्रुवीकरण की कोशिश करते हुए, भाजपा यह भी सुनिश्चित करने के लिए चिंतित है कि कहीं अल्पसंख्यकों का वोट एकमुश्त विपक्ष के पाले में नहीं चला जाए। इस वोट को बांटने का उसकी नजरों में सबसे कारगर उपाय तो यही हो सकता है कि सत्ताधारी खेमे से ही कोई पार्टी इस वोट में सेंध लगाने की स्थिति में हो। संघ-भाजपा को चूंकि खुद इस जरूरत का एहसास है बल्कि यह उनकी अपनी जरूरत है, इसलिए वे अपनी सहयोगी पार्टियों को इस लिहाज से थोड़ी-बहुत छूट देने के लिए तैयार होंगे।

लेकिन, यह एक ओर संघ-भाजपा और दूसरी ओर अन्य सभी के बीच की बुनियादी विभाजक रेखा को रौशन कर देता है। मुद्दा सिर्फ यह नहीं है कि विधानसभाई चुनाव के बाद, भाजपा के ये अप्राकृतिक सहयोगी कहां तक उसके साथ बने रह पाएंगे। मुद्दा यह भी है कि विधानसभाई चुनाव में ही महाराष्ट्र की जनता, इस विभाजन के मद्देनजर क्या और कैसा फैसला करने जा रही है? इस लिहाज से इस चुनाव में, मई के आम चुनाव के नतीजों से बहुत भिन्न नतीजे आने का कोई वस्तुगत कारण नहीं बनता है। और आम चुनाव के नतीजे दोहराए जाने का अर्थ होगा, भाजपा और उसके सहयोगियों की हार। इसी निश्चित हार के सामने भाजपा, अपने सांप्रदायिक तरकश का कोई भी तीर उठाकर नहीं रखना चाहती है।

योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र के अपने चुनावी दौरे में ठीक यही करने का प्रयास किया था। उन्होंने सिर्फ बंटेंगे तो कटेंगे का नारा ही नहीं लगाया था बल्कि अपने राज में हिंदुओं का बोलबाला कायम किए जाने और मुलसमानों के दबाए जाने का बखान करते हुए, इसका भी इशारा किया था कि अयोध्या के बाद, अब मथुरा और काशी की बारी है। हैरानी की बात नहीं होगी कि प्रधानमंत्री, थोड़े हेर-फेर के साथ उनके सुर में ही अपना सुर मिलाते नजर आएं। 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का नारा, प्रधानमंत्री का योगी के सुर में सुर मिलाना ही तो है। मगर वे अपना सांप्रदायिक सुर जितना ज्यादा तीखा करते जाएंगे, उतना ही ज्यादा अपने 'धर्मनिरपेक्ष' सहयोगियों की धर्मनिरपेक्षता को लोगों की नजरों में संदिग्ध और कमजोर बनाते जाएंगे। संघ-भाजपा के दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री मोदी के तरकश में भी अब कोई नये तीर नहीं बचे हैं। लिहाजा वह लोकसभा चुनाव के समय का वही पिटा हुआ राग अलाप रहे हैं कि विपक्षी, ओबीसी विरोधी हैं, दलित विरोधी हैं और रोटी, बेटी, जमीन सब छीनकर मुसलमानों को दे देंगे, आदि। योगी के नारे का उल्था कर उसे दोहराने की मजबूरी, इसी दिवालियापन को दिखाती है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# ट्रम्प 2.0 प्रशासन का दुनिया के मुस्लिम देशों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा

■ असद मिर्ज़ा

डोनाल्ड ट्रम्प के व्हाइट हाउस में फिर से प्रवेश को पूरी दुनिया में, खासकर दुनिया भर के मुस्लिम देशों में, बेसब्री से देखा जा रहा है, क्योंकि दुनिया यह देखने के लिए इंतजार कर रही है कि उनका वर्तमान राष्ट्रपति पद किस तरह से चलेगा। क्या यह पिछले राष्ट्रपति की तरह 'अमेरिका फर्स्ट' होगा या विशेष रूप से मुस्लिम देशों के साथ व्यवहार करते समय अधिक सहिष्णु होगा?

डोनाल्ड ट्रम्प ने चार साल की अनुपस्थिति के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर पुन: कब्ज़ा कर लिया है। वह 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति बन गये हैं और उन्होंने अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देने और अन्य देशों की ताकत और संरेखण के आधार पर गठबंधन का आकलन करने के अपने दृष्टिकोण पर लौटने का संकेत दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सऊदी अरब के मोहम्मद बिन सलमान जैसे नेता सहज वार्ता की उम्मीद कर सकते हैं, जबकि इजरायल के बेंजामिन नेतन्याहू डोनाल्ड ट्रंप के रूप में एक सहायक, परिचित सहयोगी का स्वागत करने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, यूक्रेन के व्लादिमिर ज़ेलेंस्की को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप उन देशों को प्राथमिकता देते हैं जो अमेरिकी नीतियों के साथ तालमेल बिठाते हैं या ताकत दिखाते हैं। यही नियम चीन के शी जिनपिंग के साथ उनके भविष्य के व्यवहार पर भी लागू हो सकता है।

> डोनाल्ड ट्रम्प ने चार साल की अनुपस्थिति के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर पुन: कब्ज़ा कर लिया है। वह 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति बन गये हैं और उन्होंने अमेरिकी हितों को प्राथमिकता देने और अन्य देशों की ताकत और संरेखण के आधार पर गठबंधन का आकलन करने के अपने दृष्टिकोण पर लौटने का संकेत दिया है।

ट्रंप को दुनिया में दोस्त या दुश्मन के रूप में देखने वाले विश्व नेताओं के अलावा, भारत और कई अन्य देशों को व्हाइट हाउस में उनकी वापसी के साथ विजेता के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन उनके राष्ट्रपति पद की सबसे बड़ी परीक्षा मुस्लिम देशों के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने में होगी, जिनमें से अधिकांश पिछले चार वर्षों के दौरान अमेरिका के खिलाफ़ हो गये हैं।

मुस्लिम देशों में, सबसे स्पष्ट और अमेरिका का पुराना सहयोगी सऊदी अरब है। लेकिन क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में सऊदी अरब के साथ ट्रंप निश्चित रूप से लंबे समय से प्रतीक्षित सुरक्षा समझौते के प्रयासों को पुनर्जीवित करना चाहेंगे। इजरायल और कई अरब देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले अब्राहम समझौते में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रंप से उम्मीद की जा रही है कि वे सऊदी अरब को भी शामिल करने के लिए इस ढांचे का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

अगर ट्रंप इजरायल और सऊदी अरब के बीच शांति समझौते में सफल होते हैं, तो इससे अमेरिका के लिए सऊदी अरब को अपना सुरक्षा समर्थन बढ़ाने का रास्ता साफ हो सकता है। इससे सऊदी अरब अपना ध्यान आर्थिक विकास पर केंद्रित कर सकेगा और ईरान से संभावित खतरों पर चिंता कम कर सकेगा।

द्विपक्षीय संबंधों में तेजी के लिए एक और मुस्लिम देश तुर्की होगा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेपतैयप एर्दोगन ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद संबंधों में सुधार की उम्मीद कर सकते हैं। एर्दोगन और ट्रंप ने दोस्ताना संबंध बनाये रखे हैं, अक्सर फोन पर संवाद करते हैं, यहां तक कि एर्दोगन उन्हें 'मेरा दोस्त' भी कहते हैं। बाइडेन प्रशासन के विपरीत, ट्रंप की वापसी से एर्दोगन को वाशिंगटन तक सीधी पहुंच मिल सकती है।

ट्रम्प के युद्ध-विरोधी रुख और व्यापार पर ध्यान केंद्रित करने से एर्दोगन को लाभ हो सकता है, लेकिन इज़राइल की उनकी आलोचना तनाव पैदा कर सकती है। इसके अतिरिक्त, चीन के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए तुर्की के हालिया कदम अमेरिका के साथ अपने संबंधों को संतुलित करने में चुनौतियां पेश कर सकते हैं। राष्ट्रपति रेसेपतैयप एर्दोगन ने अपने 'मित्र' ट्रम्प को जीत की बधाई दी तथा कहा, 'मेरा मानना है ... अमेरिकी लोगों द्वारा चुनाव के साथ शुरू हुए इस नये युग में एक निष्पक्ष दुनिया के लिए और अधिक प्रयास किये जायेंगे।' उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि क्षेत्रीय युद्ध समाप्त हो जायेंगे।

मध्य पूर्वी राजनीति में एक और प्रमुख खिलाड़ी ईरान ने अब तक ट्रम्प की वापसी के प्रभाव को कम करके आंका गया है, लेकिन उनके राष्ट्रपति पद पर जीत ने अपने परमाणु कार्यक्रम पर कूटनीति के दरवाजे बंद कर दिये हैं, जिससे तेहरान को उम्मीद थी कि वह प्रतिबंधों से त्रस्त अपनी अर्थव्यवस्था को आसान बना सकता है। इज़राइल के एक मजबूत समर्थक, ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान ईरान के प्रति 'अधिकतम दबाव' की नीति लागू की। वह पहले लगाये गये अमेरिकी प्रतिबंधों को कड़ा करके ईरान को और अलग-थलग कर सकता है। हालांकि, ट्रंप को एक बदले हुए क्षेत्र का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि ईरान ने हाल ही में सऊदी अरब और यूएई के साथ संबंधों को मजबूत किया है।

सरकार की प्रवक्ता फतेमेहमोह जेरानी ने राजधानी तेहरान में कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी चुनाव से ईरानियों की आजीविका प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने कहा, 'हमारी नीतियां स्थिर हैं और व्यक्तियों के आधार पर नहीं बदलती हैं।'

जहां तक फिलिस्तीन मुद्दे का सवाल है, यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप पश्चिम एशियाई युद्ध से कैसे निपटेंगे। उन्होंने गाजा में हमास के खिलाफ लड़ाई में इजरायल का समर्थन किया है, लेकिन उससे हमले खत्म करने का आग्रह किया है। उम्मीद की जा सकती है कि ट्रम्प इजरायल को हथियार देने की बाइडेन प्रशासन की नीति को जारी रखेंगे। ट्रम्प ने दावा किया है कि वे यूक्रेन में शांति लायेंगे। चीन की अनुचित व्यापार प्रथाओं पर अंकुश लगाना, सहयोगियों को भुगतान करने के लिए मजबूर करना, तथा 7 अक्टूबर को इजरायल में हुए हमलों जैसे अन्य झटकों को रोकना आदि उनकी मुख्य घोषणाएं हैं, और दुनिया भर के निर्णयकर्ता डरते हैं कि अगर वे उनकी अवज्ञा करेंगे तो पता नहीं वह क्या करेंगे।

अमेरिका अन्य मुस्लिम देशों तथा मिस्र, जॉर्डन, ओमान, कतर और यूएई जैसी अन्य क्षेत्रीय शक्तियों के साथ अपने निरंतर संबंधों के बारे में आश्वस्त है।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देलफत्ताह अल-सिसी ने कहा है कि वह क्षेत्र में शांति और स्थिरता प्राप्त करने और मिस्र और अमेरिकी लोगों के हितों के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने कहा है कि वह ट्रम्प के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए फिर से काम करने के लिए तत्पर हैं।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद ने कहा कि उनका देश 'सभी के लिए अवसर, समृद्धि और स्थिरता के भविष्य की दिशा में अमेरिका में अपने भागीदारों के साथ काम करना जारी रखने के लिए तत्पर है।'

अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश और मलेशिया जैसे अन्य मुस्लिम देशों ने भी नये अमेरिकी राष्ट्रपति को बधाई देते हुए हमेशा की तरह सौहार्द्रपूर्ण माहौल में बधाई दी। अफगानिस्तान ने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच संबंधों में ठोस प्रगति होगी और दोनों देश आपसी बातचीत के आलोक में संबंधों का एक नया अध्याय खोल पायेंगे।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिका-पाकिस्तान साझेदारी को 'और' मजबूत करने का आग्रह किया।

बांग्लादेश की संक्रमणकालीन सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने कहा, 'बांग्लादेश के शांतिप्रिय लोग शांति, सद्भाव, स्थिरता और सभी के लिए समृद्धि की खोज में वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में आपके प्रयासों में भागीदार और सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।' मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा-'यह नया अध्याय नये अवसर लेकर आया है, और हम आशावाद, सहयोग और साझा उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।'

हालांकि, इनमें से अधिकांश बधाई संदेश नियमित संदेश हैं और इनके आधार पर कोई भी अमेरिकी विदेश नीति के भविष्य की दिशा का सटीक अनुमान नहीं लगा सकता है। ट्रम्प अप्रत्याशित हैं। वह मुस्लिम देशों के यात्रियों पर यात्रा प्रतिबंध भी लगा सकते हैं, या इजरायल को हथियारों की आपूर्ति भी रोक सकते हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रम्प पश्चिम एशियाई युद्ध से कैसे निपटेंगे।

## आपके पत्र

### कड़ी परीक्षा होगी शीतकालीन सत्र

इस बार सांसद का शीतकालीन सत्र सरकार के लिए काफी अहम होगा। संख्या बल के हिसाब से मजबूत विपक्ष हंगामा में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। कई विवादित मुद्दे सत्र में बहस का विषय बनेंगे। अब देखने वाली बात यही होगी कि सत्र अपने मकसद में सफल होता है या नहीं और पेश बिलों पर सहमति बनती है या भविष्य में टकराव के लिए ये मुद्दे जीवंत रहते है। सदन की कार्रवाई किस प्रारूप में चलेगी यह अलग बात है पर विपक्ष को समझदारी दिखाते हुए बजाय हंगामे के प्रस्तुत मुद्दों पर सार्थक बहस करना चाहिए जिससे बिलों का भविष्य तय हो।

आगामी 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक लोकसभा का शीतकालीन सत्र आहूत किया गया है। इस दौरान पक्ष-विपक्ष के बीच अच्छी खासी गरमागरम बहस देखने को मिल सकती है। 'वन नेशन वन इलेक्शन' और 'वक्फ संशोधन' बिल ऐसे मुद्दे हैं जिनको लेकर बड़ा हंगामा मचना संभव है। वैसे किसी भी मुद्दे पर सदस्यों की राय जाने बगैर अगर उसे कानून बना दिया जाता है तो इससे संबंधित विषय के नफा नुकसान जाहिर नहीं। ऐसे विषयों पर सार्थक वहस जरूरी है ताकि उसका दूसरा पहलू भी सामने आ सके। वैसे तो सदन में 'एक चुनाव' और 'वक्फ' के नाम से ही बड़े और लंबे हंगामे होते आए हैं। ऐसे में इन पर स्वस्थ बहस की उम्मीद बेमानी ही होगी। बावजूद इसके दोनों मुद्दों के लाभ हानि का गणित लगाकर विपक्ष को अपना संशोधन पक्ष रखना चाहिए और सरकार से अधिक इन दोनों विषयों पर देश हित में सहमति बनाने के प्रयास करने चाहिए तभी सदन के कीमती समय का सदुपयोग और खर्च होने वाली एक-एक पाई का लाभ जनता को मिल सकेगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर**



## ललित सुरजन की कलम से

### सरकार ने मौके गंवाए

*'चुनावों के पहले नरेन्द्र मोदी ने बुलेट ट्रेन का खूब सपना दिखाया था। रेल मंत्री के बजट में बुलेट ट्रेन का कोई अता-पता ही नहीं है। अब कहा जा रहा है कि कुछ ऐसी ट्रेनें चलेंगी जिसकी रफ्तार शताब्दी एक्सप्रेस से ज्यादा और बुलेट ट्रेन से कम होगी। ये भी कब चलेंगी, पता नहीं। हर साल रेल बजट में कुछ नई ट्रेनों की घोषणा की जाती है, कुछ ट्रेनों के फेरे बढ़ते हैं, कुछ की दूरी बढ़ती है, इस बजट में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है। रेल यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए अवश्य बहुत सी घोषणाएं की गई हैं, लेकिन इसमें भी क्या नया है। एक समय तीसरे दर्जे में लकड़ी की बर्थ होती थी, अब हर बोगी में फोम के गद्दे होते ही हैं। मोबाइल का चार्जर पाइंट और इस तरह की अन्य सुविधाएं निरंतर बढ़ रही हैं। सुरेश प्रभु ने ऐसी कोई बात नहीं कही है, जिसके लिए उन्हें या उनके बजट को याद रखा जाए। इसके अलावा अभी तो उन्हें यह भी देखना है कि जो घाटा उन्होंने दर्शाया है उसे पूरा करने के लिए रकम कहां से आएगी?'*

*'रेल बजट तो रेल बजट। आम बजट ने उससे भी ज्यादा निराश किया है। करेले पर नीम चढ़ा इस तरह कि दिन में बजट पेश हुआ और शाम को पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ा दी गईं। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने वेतनभोगी वर्ग को कोई राहत तो खैर नहीं दी, जले पर नमक छिड़कने वाली कहावत उन्होंने यह कहकर चरितार्थ कर दी कि मध्यम वर्ग अपनी फिकर खुद करे। ऐसा कहने का क्या मतलब है, किसी की समझ नहीं आया। एक विडंबना यहां भी देखने मिली कि श्री जेटली ने जहां जन सामान्य को कोई राहत देने से स्पष्ट इंकार कर दिया, वहीं उन्होंने कारपोरेट के आयकर में पांच प्रतिशत की कमी करने की घोषणा कर दी। रेल बजट में माल भाड़ा दस प्रतिशत बढ़ जाने का प्रतिकूल असर आम जनता पर पडऩा ही था। अब आम बजट में सेवा कर 12.36 से बढ़ाकर चौदह प्रतिशत कर देने का बोझ भी हर व्यक्ति को उठाना पड़ेगा।'*

*(देशबन्धु में 05 मार्च 2015 को प्रकाशित)*

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/03/blog-post.html

## पावन प्रसंग

### दीपकों की पावन प्रेरणा

दीपावली ज्योति पर्व है। परस्पर स्नेहयुक्त अभिनंदन का क्रम इस पर्व पर चलाया जाता है। शत-शत दीप जलाकर हम घरों को सुशोभित करते हैं। हर साल हम इस पुण्यपर्व को नवीन आशा के साथ मनाते हैं। माता लक्ष्मी की आराधना करते हैं कि वे अपनी कृपा से हमें निहाल करें पर कुछ विशेष प्राप्ति नहीं होती। भगवती प्रसन्न नहीं होतीं। आज तो वे क्रुद्ध हो रही हैं। दरिद्रता का तांडव नृत्य हो रहा है। हर चीज की असाधारण महंगाई, उत्पादन क्षेत्रों का शुष्क हो जाना, अतिवृष्टि, अनावृष्टि का प्रकोप ऐसा रौद्र रूप धारण किए हुए है कि आर्थिक स्थिति भी खराब दिखाई देती है। हर व्यक्ति अर्थचिंता से दुखी हो रहा है। व्यापार, उद्योग, मजदूरी किसी भी ओर से संतोष की सांस लेने का अधिकार नहीं है। अभाव, चिंता की ज्वाला में गृहस्थी, विरागी सभी जले जा रहे हैं। ऐसा क्यों हो रहा है इस पर हम सभी शांत मन से विचार करें।

हमें मानव धर्म को यथार्थ रूप को ढूंढना होगा और पुन: उसका अवलोकन करके अपने इष्ट मार्ग पर चलने का प्रयत्न करना होगा। ईश्वर ने हमें इस संसार में इसलिए नहीं भेजा है कि हम अपने हित के लिए दूसरों के हित का हनन करें अपनी आसुरी लालसाओं को तृप्त करें, बल्कि अपनी शक्ति का सहारा देकर अपने से छोटों को ऊपर उठाना, उन्नत करना, सतमार्ग पर चलने की प्रेरणा देना। अपने तुच्छ स्वार्थों को छोड़कर दूसरों को सुखी बनाने में अपने को सुखी बनाने में अपने को सुखी समझें।

अमावस्या के अंधकार में एक रात्रि के टिमटिमाते दीपकों से प्रेरणा प्राप्त कर संतुष्ट हुआ जा सकता है किंतु चैतन्य दीपकों के कर्तव्य की इतिश्री तो इतने मात्र से नहीं हो सकती। इन दीपकों की भूमिका तो लंबी है। इन कर्मरूपी दीपकों की पंक्ति के हर दीपक को सार्थक बनाना है। एक जलता दीपक हजारों दीपकों को जगा सकता है। अंधकार प्रकाश का अभाव मात्र है। यदि दीपकों की संख्या बढ़े, ज्योति निक्रे तो फिर काली कालरात्रि जैसी अमावस्या भी सुहावनी और दर्शनीय हो जाए। पात्रत्व और वर्तिकायुक्त दीपक जैसेव्यक्तित्वों का समाज में नितांत अभाव नहीं है। खोजबीन की जाए तो सारे बानक बने हुए भी बहुत मिल सकते हैं। पुरुषार्थ प्रेमी, भावनाशील व्यक्ति समाज में हैं। उन्हें दीपावली के दीपकों की पंक्ति में लाना भर है। ऐसे भी व्यक्ति मिल सकते हैं जिनमें कोई एक पक्ष कम विकसितहै। थोड़े से प्रयासों से वह आगे बढ़ सकता है। आवश्यकता यह है कि उनसे संपर्क किया जाए, निकट से देखा, समझा जा सकता है। उसके प्रकाश में कुछ दीपक ढूंढे जा सकते हैं। और ज्योतिर्मय किए जा सकते हैं।

**-युग निर्माण योजना**

# खेल जगत



## 'न उनके पास शब्द हैं, न तमीज, गंभीर को प्रेस कॉन्फ्रेंस से दूर रखना चाहिए : संजय मांजरेकर

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसके बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मशहूर कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने उन्हें लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक विवादित पोस्ट किया है। संजय मांजरेकर के मुताबिक, बीसीसीआई को गौतम गंभीर को प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए भेजना ही नहीं चाहिए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि गंभीर को बात करनी नहीं आती, उनकी जगह रोहित या अगरकर को इस काम के लिए भेजना चाहिए। मुंबई में मुख्य कोच की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद मांजरेकर ने एक्स पर अपनी भड़ास निकाली। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने रोहित शर्मा और विराट कोहली के फॉर्म से लेकर इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर मिली शर्मनाक हार तक कई मुद्दों पर बात की।

# रोहित पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए तो केएल राहुल कर सकते हैं भारत की पारी का आगाज : गंभीर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (देशबन्धु)। नए हेड कोच गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम की मेहमान न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू तीन टेस्ट मैचों की सीरीज 0-3 से हार से ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज से पहले चौतरफा आलोचना झेल रहे हैं। भारत की ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए चुनी गई 18 सदस्यीय पहले दो -केएल राहुल और ध्रुव जुरेल, इसके बाद मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, शुभमन गिल, वाशिंगटन सुंदर और यशस्वी जायसवाल के रूप में दो जत्थों और हेड कोच गौतम गंभीर सहित बाकी खिलाड़ी तीसरे जत्थे के रूप में सोमवार को रवाना हुए।गौतम गंभीर ने मुंबई से ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होने से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए हालांकि उम्मीद जताई की नियमित कप्तान रोहित शर्मा सिडनी में 22 नवम्बर से शुरू हो पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उपलब्ध होंगे हालांकि रोहित यदि उपलब्ध नहीं रहते हैं तो भी वह उपलब्ध विकल्पों से खुश हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए भारतीय क्रिकेट के तीसरे और आखिरी जत्थे के साथ रवाना होने से पहले गंभीर ने कहा कि यदि 'निजी कारणों' से नियमित कप्तान रोहित शर्मा 22 नवम्बर से पर्थ में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर रहे ता फिर उनकी जगह यशस्वी जायसवाल के साथ केएल भारत की पारी का आगाज कर सकते हैं। गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए रवाना होने से पहले कहा कि यदि रोहित पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए तो उनकी जगह केएल राहुल पारी शुरू कर सकते हैं। गंभीर ने हालांकि इस बात की पुष्टि की कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नियुक्त उपकप्तान जसप्रीत बुमराह तब भारत की कप्तानी करेंगे।



■ राहुल की क्वॉलिटी यही है वह शीर्ष क्रम व छठे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं

गंभीर ने कहा, 'अभी इस बाबत किसी बात की पुष्टि नही की जा सकती लेकिन हम आपको जैसे भी वास्तविक स्थिति होगी आपको उससे वाकिफ कराएंगे। हम उम्मीद करते हैं कि रोहित पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे लेकिन सही स्थिति की बाबत ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले ही मालूम पड़ेगा।' इस टेस्ट सीरीज के शुरू होने से पहले से ही रोहित के पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध न रहने की बाबत खबरें आ रही है लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है और इसीलिए ये सवाल उठ रहे हैं कि यदि रोहित उपलब्ध नहीं रहते तो फिर यशस्वी के साथ भारत की पारी का आगाज कौन करेगा।

गंभीर ने कहा, 'हमारे पास बतौर ओपनर अभिमन्यु ईश्वरन और उनके साथ केएल राहुल हैं और यदि रोहित उपलब्ध नहीं रहते हैं तो पहले टेस्ट के शुरू होने से पहले इस बाबत फैसला लेंगे। हम पहले टेस्ट में अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे। हमारे पास विकल्प उपलब्ध हैं।' केएल और ईश्वरन ने इंडिया ए के लिए पहले मैच में पारी का आगाज जरूर किया लेकिन दोनों नाकाम रहे। ईश्वरन ने इंडिया ए के लिए पहले मैच में 7 व 12 और दूसरे में 0 और 17 बनाए।वहीं केएल राहुल इंडिया ए के लिए जो मैच खेले उसमें 0 और 17 रन बनाए। इस घटनाक्रम से पहले राहुल टेस्ट में भारत के लिए मध्यक्रम में खेलने वाले थे लेकिन रोहित के पहले टेस्ट से बाहर रहने की खबरों के बीच वह शीर्ष क्रम में खेलने के दावेदार बन गए हैं।

गंभीर ने राहुल की बाबत कहा,' कई बार समय ऐसा आता है जब आप अनुभवी खिलाड़ियों की बाबत सोचते हैं और केएल राहुल की क्वॉलिटी यही है कि वह शीर्ष क्रम में खेल सकते हैं , तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और वह छठे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। आपको इन सभी नंबर पर बल्लेबाजी करने आपको वाकई बहुत प्रतिभासम्पन्न होने की जरूरत होती है और और साथ ही वन डे में विकेटकीपिंग भी करते हैं। जरा कल्पना कीजिए की कितने देशों के बाद केएल जैसे खिलाड़ी हैं जो कि पारी शुरू के साथ छठे नंबर पर बल्लेबाजी भी कर सके। इसीलिए मैं यह महसूस करता हूं कि यदि जरूरत पड़ी रोहित पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हुए तो केएल राहुल भारत के लिए पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी निभा सकते हैं।'



**हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ संयोजन के साथ उतरेंगे**

केएल राहुल को विदेश में नई गेंद का सामना करने का अनुभव है और वह सईद अनवर के साथ एशिया के उन दो सलामी बल्लेबाजों में एक है जो कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट में शतक जड़ चुके हैं। भारत के पास ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई टीम में शुभमन गिल के रूप में एक बल्लेबाज है जिसने की अपने करियर का आगाज टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के रूप किया था और पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उसके घर में बढ़िया पारी खेली थी लेकिन इसके बाद से भारतीय टेस्ट टीम में मध्यक्रम में खेल रहे है। भारत के हेड कोच गंभीर ने कहा,'हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ संयोजन के साथ उतरेंगे फिर चाहे शुभमन भारत की बल्लेबाजी का आगाज करें या ,ईश्वाापन या केएल राहुल। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि हमारे लिए सही संयोजन क्या होगा।'

**हम ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने की पुरजोर कोशिश करेंगे**

गंभीर से जब सोशल मीडिया पर भारत के हेड कोच के रूप में हो रही आलोचनाओं की बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इससे मेरे और किसी ओर की जिंदगी पर क्या असर पड़ता है। जब मैं भारतीय क्रिकेट टीम के कोच की जिम्मेदारी संभाली थी तो तभी मैंने यह समझ लिया था कि बहुत चुनौतीपूर्ण और बहुत सम्मान का काम रहने वाला है। सच कहूं मैं इस अपने काम का कोई दबाव महसूस कर रहा हूं। मैं और मेरे ड्रेसिंग रूप में कई बेहतरीन लोग हैं और हम भारत को बुलंदियों ले जाने में जुटे रहेंगे। भारतीय क्रिकेट टीम कोचिंग की जिम्मेदारी वाकई सम्मान की बात है। मुझे यह मानने में कोई संकोच नहीं कि न्यूजीलैंड में हमें हमारे घर में धो दिया और वे हमसे ज्यादा पेशेवर रहे। हम अपनी आलोचना को स्वीकारते हैं। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज हारने से पहले कानपुर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट शानदार ढंग से जीता। मै जानता हूं कि न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज एक नई सीरीज है और नया प्रतिद्वंद्वी हमारे सामने है। हम ऑस्ट्रेलिया मे उसके खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने की पुरजोर कोशिश करेंगे।'

## मुझे अपनी गेंदबाजी में करने पड़े बड़े बदलाव : वरुण चक्रवर्ती

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने इस सीरीज के दूसरे मैच में 17 रन देकर 5 विकेट चटकाए। हालांकि, उनका यह दमदार प्रदर्शन टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं था, लेकिन चक्रवर्ती ने अपनी गति में बदलाव करते हुए गुगली का खतरनाक जाल बिछाया और एडेन मार्कराम, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर को परेशान करते हुए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय आंकड़े हासिल किए। चक्रवर्ती ने बताया कि भारतीय टीम के साथ पहले मैच में कुछ खास नहीं करने के बाद उन्हें अपनी गेंदबाजी में बहुत कुछ बदलना पड़ा। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी गेंदबाजी के वीडियो देखे और उसमें काफी कुछ सुधार किया। उन्होंने यह भी बताया कि बल्लेबाजों के लिए उनकी गेंदों को समझना क्यों मुश्किल होता है।



उन्होंने कहा, 'यह मेरी निरंतरता और ओवरस्पिन दोनों का संयोजन है। मैं जिस ओवरस्पिन पर गेंदबाजी करता हूं, उसमें पिच से अधिक वेरिएशन मिलती है। उम्मीद है कि मैं ऐसा करना जारी रखूंगा और टीम के लिए अच्छा ऑप्शन बनूंगा। मैं बस इतना चाहता हूं कि भारतीय क्रिकेट टीम के साथ लंबे समय तक खेलूं और उम्मीद है कि मैं इसे अच्छा कर पाऊंगा।' चक्रवर्ती ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि कैसे स्पष्ट माइंडसेट ने उन्हें खेलों को देखने में मदद की है। उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि आत्मविश्वास से ज्यादा मैं स्पष्टता पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। इससे मुझे अभी ज्यादा मदद मिल रही है। कभी-कभी मुझे लगता है कि आत्मविश्वास मुझे गलत दिशा में ले जा सकता है और मुझे विश्वास दिला सकता है कि मैं कुछ असंभव कर सकता हूं, इसलिए मुझे लगता है कि स्पष्टता पर ध्यान केंद्रित करना बेहतर है। मैं उस पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा हूं।'

## भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी का कोई अर्थ नहीं : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के पाकिस्तान दौरे पर सस्पेंस बना हुआ है। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि यह टूर्नामेंट भारत के बिना नहीं हो सकता। रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने आईसीसी को यह साफ कर दिया है कि भारत इस मेगा इवेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस बीच, आकाश चोपड़ा का तर्क है कि भारत की अनुपस्थिति आईसीसी को इस टूर्नामेंट पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकती है, क्योंकि भारत के इस टूर्नामेंट में शामिल नहीं होने से मैनेजमेंट को काफी आर्थिक नुकसान हो सकता है। चोपड़ा ने कहा कि किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट की सफलता के लिए भारत की भागीदारी बहुत जरूरी है। उन्होंने ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू पर इसके प्रभाव का हवाला दिया। आकाश ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हां, यह एक आईसीसी इवेंट है। ब्रॉडकास्टर्स ने इस इवेंट के लिए पैसे दिए हैं। लेकिन हमेशा एक शर्त होती है कि अगर आईसीसी भारत की भागीदारी सुनिश्चित नहीं कर सकता है, तो ब्रॉडकास्टर्स निवेश नहीं करेंगे या वह इस पर फिर विचार करेंगे।



### पाकिस्तान कुछ भी कर ले, भारत चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वहां नहीं जाएगा : अतुल वासन

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को साफ तौर पर बता दिया है कि टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी का कोई मुकाबला पाकिस्तान में नहीं खेलेगी। दूसरी ओर, पीसीबी इस मुद्दे को लेकर पिछले कई महीनों से हल्ला मचा रहा है। हालांकि, पाकिस्तान इस बात से भी वाकिफ है कि भारत अपने फैसले से पीछे नहीं हटेगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अतुल वासन ने सोमवार को आईएएनएस के साथ खास बातचीत में पाकिस्तान क्रिकेट टीम और बोर्ड पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमेशा 'बड़ी-बड़ी डींगे हाकता है' और बाद में अपने ही शब्दों से पीछे हट जाता है। वनडे विश्व कप 2023 में भारत आना पाकिस्तान टीम की मजबूरी और जरूरत दोनों थी, लेकिन हमारी ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। वासन के कहा कि पाकिस्तान की यह बात बेमानी हो चुकी है कि वह आईसीसी या अन्य आधिकारिक मदद से भारत को पाकिस्तान आने के लिए फोर्स कर सकती है। उन्हें अब समझ जाना चाहिए कि ऐसा नहीं होने वाला। अब पाकिस्तान को जितनी जल्दी हो, नींद से जाग जाना चाहिए।

## चैंपियन खिलाड़ियों को नजरअंदाज करना 'सबसे बड़ी बेवकूफी' है : हसी

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइक हसी ने रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन करते हुए कहा है कि वे आगामी पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में अच्छे फॉर्म में लौटेंगे। उन्होंने कहा कि चैंपियन खिलाड़ियों को खारिज करना सबसे बड़ी बेवकूफी होती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-0 से सीरीज हारने के बाद भारत आम तौर पर कठिन माने जाने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगा। टीम इंडिया के लिए रोहित शर्मा और विराट कोहली का खराब फॉर्म चिंता का मुख्य विषय है। रोहित और विराट इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पूरी सीरीज में क्रमशः 91 और 93 रन ही बना पाए थे।

## फ्लैमेंगो ने पांचवीं कोपा डो ब्रासील ट्रॉफी पर किया कब्जा

**रियो डी जेनेरो,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। इक्वाडोर के अंतरराष्ट्रीय विंगर गोंजालो प्लाटा के अंतिम क्षणों के गोल की मदद से फ्लैमेंगो ने एटलेटिको माइनिरो को 1-0 से हराकर अपना पांचवां कोपा डो ब्रासील खिताब जीता। एरिना एमआरवी में प्राप्त परिणाम ने रियो डी जेनेरो की इस दिग्गज टीम को कुल मिलाकर 4-1 से जीत दिलाई, जबकि पिछले सप्ताह रियो डी जेनेरो में ही इसने पहले चरण में 3-1 से जीत हासिल की थी। शुरुआती मिनटों में अर्रास्काटा ने मंच तैयार किया। फिर मैच दोनों टीमों के बीच मिडफील्ड में संघर्ष के साथ बराबरी पर आ गया। 13वें मिनट में खेल काफी रोमांचक रहा जहां हल्क की फ्री किक को रॉसी ने रोका। कुछ ही देर बाद, माइकल ने गैबी को पास दिया, लेकिन लियान्को ने उनके खतरनाक शॉट को डिफ्लेक्ट कर दिया। 20वें मिनट से पहले हल्क ने बॉक्स के कॉर्नर से एक पावरफुल शॉट लगाया, लेकिन रॉसी ने शानदार बचाव किया। दोनों ही टीमों के मजबूत



डिफेंस ने हाफ टाइम तक मैच को बराबरी पर रखने के लिए भरपूर प्रयास किया। ब्रेक के बाद, खेल मिडफील्ड में और अधिक प्रतिस्पर्धी हो गया, जिसमें दोनों टीमें बेहतर तरीके से कब्जा करने की कोशिश कर रही थीं। दूसरे हाफ की शुरुआत के विपरीत, एटलेटिको-एमजी ने फ्लैमेंगो पर अधिक दबाव डालना शुरू कर दिया। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद दोनों टीमों मैच के अधिकांश समय गोल करने में नाकाम रही, लेकिन गोंजालो प्लाटा ने 82वें मिनट में गोल दागा और टीम की जीत सुनिश्चित की।

## संगीता कुमारी के शानदार खेल से भारत ने मलेशिया को 4-0 से हराया

**राजगिर ,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने मलेशिया को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 हॉकी के पहले मैच में 4-0 से हराकर सोमवार को अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

आज यहां खेले गये मुकाबले में भारत के लिए संगीता कुमारी (8वें और 55वें मिनट में) ने दो जबकि प्रीति दुबे (43वें मिनट में) और उदिता (44वें मिनट में) ने एक-एक गोल किया। खेल की शुरुआत में ही मलेशिया की टीम ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए उसे विफल कर दिया। इसके तुरंत बाद ही भारत ने भी अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर में से एक को गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए मैच का पहला गोल संगीता कुमारी ने खेल के आठवें मिनट में किया। पहले क्वार्टर में भारत ने 1-0 की बढ़त हासिल की। वहीं दूसरा क्वार्टर गोलरहित रहा।



विश्व रैंकिंग में 9वें स्थान पर काबिज भारतीय महिला हॉकी टीम ने मैच के तीसके क्वार्टर में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत की ओर से दो लगातार गोल ने मलेशिया की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। प्रीती दूबे ने 43वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत बढ़त को दोगुना किया। उसके बाद उदिता ने 44वें मिनट में गोल कर भारत की स्थिति को मजबूत कर दिया।

## आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में इन 5 खिलाड़ियों पर लग सकती है रिकॉर्ड बोली

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। आईपीएल ऑक्शन में अब तक कई दिग्गज खिलाड़ियों पर खूब पैसा बरसा, तो कुछ बड़े नाम अनसोल्ड भी रहे हैं, लेकिन इन सबसे अलग आईपीएल 2025 और भी ज्यादा रोमांचक होने वाला है। इस बार कई बड़ी टीमों के कप्तान समेत बड़े नाम भी मेगा ऑक्शन में शामिल हैं। उम्मीद है कि उनके ऊपर सभी टीमें बड़ी बोलियां लगा सकती हैं। कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो इस बार ऑक्शन की लाइमलाइट बन सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स का ऋषभ पंत को रिटेन न करना काफी हैरान करने वाला फैसला था। जबकि, गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपनी रिटेंशन लिस्ट से श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया। 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाले 2025 आईपीएल मेगा ऑक्शन में कई



अन्य बड़े खिलाड़ियों के साथ इन दोनों की भी नीलामी होगी। ऐसे ही उन 5 खिलाड़ी पर नजर डालते हैं, जो नीलामी में सबसे बड़ी खरीद हो सकते हैं।

ऋषभ पंत (बेस प्राइस, 2 करोड़ रुपये)। पंत टीम में जो एक्स-फैक्टर लाते हैं, वह उन्हें नीलामी में सबसे अधिक मांग वाले खिलाड़ियों में से एक बना देगा। पंजाब किंग्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सहित कई फ्रेंचाइजी उनके जैसे विकेटकीपर-बल्लेबाज के लिए रिकॉर्ड तोड़ बोली लगाने को तैयार हैं। पंजाब और आरसीबी जैसी कुछ फ्रेंचाइजी के लिए, वह एक मजबूत कप्तानी विकल्प भी हो सकते हैं। हालांकि, यह देखना होगा कि उनकी पुरानी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) नीलामी में उन्हें वापस खरीदने के लिए कोई प्रयास करती है या नहीं।

श्रेयस अय्यर (बेस प्राइस, 2 करोड़ रुपये)। रिपोर्ट्स की मानें तो नीलामी में अय्यर को खरीदने के लिए डीसी 25 करोड़ रुपये तक की बोली लगा सकती है। पंत के जाने के बाद, उन्हें एक कप्तान की जरूरत है और मध्यक्रम के बल्लेबाज ने 2024 में केकेआर के खिताब जीतने वाले अभियान में एक कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था।मोहम्मद शमी (बेस प्राइस, 2 करोड़ रुपये)। 34 वर्षीय तेज गेंदबाज के लिए फिटनेस एक मुद्दा बना हुआ है, यही कारण है कि गुजरात टाइटंस (जीटी) ने उन्हें रिटेन नहीं किया। शमी अभी भी एनसीए में अपना रिहैब कर रहे हैं। लेकिन जब वह पूरी तरह से फिट हो जाते हैं, तो वह विश्व स्तरीय पेस गेंदबाज हैं और नीलामी में उन पर बोली लगाने की होड़ मच सकती है।

जोस बटलर (बेस प्राइस, 2 करोड़ रुपए)। बेशक राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें रिटेन नहीं करने का फैसला किया है, लेकिन उम्मीद है कि फ्रेंचाइजी नीलामी में उन्हें वापस लाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बटलर एक मैच विनर खिलाड़ी हैं, इसलिए कई अन्य टीमें भी इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज में दिलचस्पी लेंगी। रचिन रविंद्र (बेस प्राइस, 1.5 करोड़ रुपये)। चेन्नई सुपर किंग्स ने इस कीवी ऑलराउंडर को रिटेन नहीं किया, लेकिन रचिन अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। भारतीय परिस्थितियों में वह हाल ही में एक शानदार और दमदार बल्लेबाज बनकर उभरे हैं। उनकी बाएं हाथ की स्पिन एक बेहतरीन वैल्यू एडिशन है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सीएसके उनके लिए आरटीएम विकल्प का उपयोग करती है।

### महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी
## जापान और कोरिया के बीच पहला मैच ड्रॉ

**नालंदा,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आगाज सोमवार को राजगीर में हो चुका है। पहले दिन पहला मुकाबला जापान और दक्षिण कोरिया के बीच हुआ। ये टक्कर काफी रोमांचक रही, लेकिन नतीजा ड्रॉ पर समाप्त हुआ। बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का शुभारंभ हो चुका है। टूर्नामेंट का पहला मैच जापान और कोरिया के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने 2-2 गोल कर मुकाबले को बराबरी पर खत्म किया। मैच के बाद जापान की कप्तान ने बताया कि उनकी टीम का होटल वेन्यू से काफी दूर है, जिससे आने-जाने में उन्हें काफी थकान महसूस हो रही है। वहीं, कोरियाई कप्तान ने राजगीर के हॉकी ग्राउंड की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां खेलना एक बेहतरीन अनुभव रहा। पहले दिन का यह मैच टाई रहा, जिससे दोनों टीमों ने अंक शेयर किए।



### सार संक्षेप

#### पाकिस्तान की गेंदबाजी ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की खामियों को किया उजागर : गिलेस्पी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में 22 साल बाद पहली बार वनडे सीरीज जीतने वाली पाकिस्तान की टीम के अंतरिम व्हाइट-बॉल हेड कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी लाइन-अप की कुछ खामियां उजागर कीं। पर्थ में सीरीज के निर्णायक मैच में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 140 रन पर ढेर कर दिया और फिर आठ विकेट रहते हुए लक्ष्य हासिल कर सीरीज 2-1 से जीत ली। गिलेस्पी ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा, 'इस सीरीज में हमने जो देखा वह यह है कि हमारी गेंदबाजी ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की कुछ खामियों को उजागर किया है। मुझे यकीन है कि ऑस्ट्रेलियाई उन गलतियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। अच्छे खिलाड़ी और अच्छी टीमें यही करती हैं।'

#### आज से देश में शुरु होगी विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ और आईटीसी फूड्स के बेहद पसंदीदा स्नैकिंग ब्रांड बिंगो के सहयोग से 12 से 17 नवंबर तक भारत में पहली बार विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। विश्व में सबसे तेजी से उभरते खेलों में से एक पिकलबॉल के विकास और इसे बड़े पैमाने पर लोकप्रिय बनाने के लिए आईटीसी फूड्स के बेहद पसंदीदा स्नैकिंग ब्रांड बिंगो ने आज अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के साथ पांच सालों की साझेदारी की घोषणा की है। बिंगो विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप (डब्ल्यूपीसी) की मेजबानी के साथ इस ऐतिहासिक साझेदारी की शुरुआत होगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रभु ने कहा, 'बिंगो स्नैक्स के साथ इस साझेदारी से हम बेहद उत्साहित महसूस कर रहे हैं। यह साझेदारी पिकलबॉल को भारतीय खेलों में सबसे आगे लाने में बेहद अहम भूमिका निभाएगी।

#### मेदवेदेव ने फ्रिट्ज से हारकर अपना रैकेट तोड़ा

**तूरिन (इटली)।** रूस के दिग्गज खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव ने एटीपी फाइनल्स में टेलर फ्रिट्ज से हारने के बाद गुस्से में अपना रैकेट तोड़ दिया। रविवार को एटीपी फाइनल्स के पहले मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी टेल फ्रिट्ज ने रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-4, 6-3 से हराया। हार के बाद मेदवेदेव ने पहले अपने रैकेट को बेंच पर और फिर हार्डकोर्ट पर मारकर उसे तोड़ दिया। मेदवेदेव को उनके व्यवहार के लिए चेयर अम्पायर से दो बार आचार संहिता उल्लंघन का दोषी पाया गया। मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा कि मुझे गुस्सा आता है, निराशा होती है। इस बार मैं पूरी तरह से स्वयं पर गुस्सा हुआ किसी और पर नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले दो तीन सालों से मुझे हर दिन दिन ऐसा ही लगता है कि हर अभ्यास एक संघर्ष है। हर मैच एक संघर्ष है। उन्होंने कहा कि अब मुझे कोर्ट पर होने में बिल्कुल भी आनंद नहीं आता।

## सार समाचार

### सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**विदिशा, देशबन्धु।** सिरोंज को जिला बनाने की मांग को लेकर लंबे समय से संघर्ष चल रहा है। सोमवार को एक बार फिर सिरोंज के ग्रामीण क्षेत्र से स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ में एडवोकेट लक्ष्मी मीणा अन्य महिला संगठन के साथ में कलेक्टोरेट पहुंची, जहां उन्होंने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को लिखित ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम का सौंपा। उन्होंने सिरोंज लटेरी उनारसी कला, आनंदपुर जिला मुख्यालय से काफी दूर होने के कारण काफी परेशानी होने की बात कही। उन्होंने इस ज्ञापन के जरिए उनारसी कलां और आनंदपुर को तहसील का दर्जा देने के साथ सिरोंज को जिले का दर्जा देने की मांग की है। बताया गया कि विदिशा जिला मुख्यालय से सिरोंज लटेरी क्षेत्र की दूरी काफी ज्यादा है। राजस्थान में पहले सिरोंज एक जिले के रूप में शामिल था, लेकिन मध्य प्रदेश बनने के बाद उसे तहसील बना दिया है। जिससे तहसील काफी पिछड़ी हुई है, अब उसकी तरक्की के लिए उसे जिला का दर्जा देना आवश्यक है। ज्ञापन के माध्यम से सिरोंज को जिला बनाने की मांग की गई है।

### वाहन में भरकर ले जाए जा रहे 9 गौवंश को गौशाला में भेजा

**विदिशा, देशबन्धु।** रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ढ़ाई बजे के लगभग ग्राम जैतपुरा के पास पुलिस द्वारा एक वाहन में भरकर ले जा रहे गौवंश को पकड़ा है। बताया गया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा जैतपुरा के पास वाहन क्रमांक एमपी 13 जेडएम 9231 को रोका गया। जांच पड़ताल में वाहन में 9 गौवंश मिले। जिनमें से मृत अवस्था में और दो की हालत गंभीर मिली। वहीं चालक मौके से फरार हो गया। गौवंश को पुरूषोत्तम गौशाला बिठ्ठल नगर में भेज दिया गया। बताया गया कि वाहन में सब्जी की कैरेट के नीचे गौवंश को छुपाया गया था। वहीं पुलिस द्वारा वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### जमुनापुर चक्क के नजदीक के कस्बे से आए पीड़ित परिवार

**विदिशा, देशबन्धु।** नटेरन थाना और नटेरन तहसील के अंतर्गत जमुनापुर चक गांव के नजदीक रहने वाले आजम सिंह अपने परिवार के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि एक दिन पहले कुएं के आसपास मौजूद गंदगी और कचरे को साफ कर रहे थे। इसी बात को लेकर वहां के दबंग राजा और रीतेश ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। राजा ने कुल्हाड़ी से उनके सिर पर गंभीर रूप से चोट की। इस बात की शिकायत उन्होंने की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। जिसके कारण वह एसपी कार्यालय में शिकायत करने आए हैं। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से जल्द से जल्द उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### वृद्ध की सड़क हादसे में मौत

**विदिशा, देशबन्धु।** रविवार को ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबार में रहने वाले 75 वर्षीय पर्वत सिंह लोधी अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर बाजार करने के लिए विदिशा आए थे। वापस जाते समय उनका पैर बाइक के पहिए में फंस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें ग्यारसपुर अस्पताल ले जाया गया, गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। सोमवार को जिला अस्पताल में उनका पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर डायरी ग्यारसपुर थाने भेजी जा रही है।

### संत शिरोमणी नामदेव महाराज का जन्मोत्सव आज

**विदिशा, देशबन्धु।** आज कार्तिक शुक्ल एकादशी मंगलवार 12 नवंबर को संत शिरोमणी नामदेव जी महाराज के जन्मोत्सव की 754वीं जयंती का आयोजन नामदेव धर्मशाला बंटी नगर में किया जाएगा। जिसमें प्रात: 8 बजे से सुंदरकाण्ड पाठ एवं भजनों का कार्यक्रम तत्पश्चात दोपहर 12 बजे नामदेव जी की पूजन आरती, समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं को पारितोषिक वितरण किये जाएंगे, संगठन के बुजुर्ग सदस्यों का सम्मान एवं सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों द्वारा विचार प्रकट किये जाएंगे। वहीं कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# ग्रामीणों की शिकायत पर 2 हैक्टेयर चरनोई भूमि से हटाया अतिक्रमण

**▶ ग्राम पंचायत करैया हवेली के ग्राम रंगई हल्का क्षेत्र में 6 किसानों ने कर रखा था अतिक्रमण**





**विदिशा, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत करैया हवेली के ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले एसडीएम और तहसीलदार को आवेदन देकर चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा सोमवार को चरनोई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान करीब दो हेक्टेयर के आसपास चरनोई की भूमि पर करीब 6 किसानों द्वारा अतिक्रमण कर रखा था, जिसे हटा दिया गया है और उक्त भूमि ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दी गई है।

ग्राम पंचायत करैया हवेली के ग्राम रंगई हल्का क्षेत्र में चरनोई की भूमि पर करीब 5-6 किसानों ने अतिक्रमण कर रखा था। ग्रामीणों ने प्रशासन से करैया हवेली के ग्राम रंगई बेतवा नदी स्टॉप डैम के पास चरनोई भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस पर आरआई और पटवारी सोमवार को मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा करीब दो हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया।

ग्रामीण राजेश वर्मा और सरपंच प्रतिनिधि अमित कुशवाहा ने बताया कि गौशाला निर्माण के लिए जिला प्रशासन को आवेदन दिया गया था। उन्होंने जिला प्रशासन से गौशाला निर्माण के लिए उक्त भूमि के दस्तावेज भी प्रस्तुत किए थे। जिस पर राजस्व विभाग द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में कलेक्टर द्वारा अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जा रही है। इसी कार्रवाई को मद्देनजर रखते हुए आवेदन दिया गया था। जिससे कि चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके। राजेश वर्मा का कहना था कि वह गौशाला निर्माण के लिए अपने माता-पिता की स्मृति में एक लाख रुपए पंचायत को देंगे और प्रतिवर्ष उनकी खेती से गेहूं की कटाई के बाद निकलने वाला भूसा गौशाला को दान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अग्रवाल एकेडमी स्कूल से लेकर विवेकानंद चौराहे तक सैकड़ों गायें सड़क पर खड़ी रहती हैं। आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए गौशाला का निर्माण कराया जाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि दो हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। जिस पर एक बड़ी गौशाला का निर्माण हो सकता है और उसमें करीब 700 से 800 गोवंशों को रखा जा सकता है। शासन द्वारा जल्द से जल्द गौशाला की स्वीकृति मिल जाए, जिससे कि सड़क पर आए दिन गोवंशों की दुर्घटना में मौत हो रही हैं उस पर रोक लगाई सके। वहीं सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सोमवार को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। राजस्व विभाग द्वारा पंचायत को भूमि सौंप दी गई है, जल्द से जल्द इस पर घेराबंदी कर कर पंचायत अपने अधीन ले लेगी।

#### इनका कहना है

करैया हवेली के ग्राम रंगई में बेतवा नदी के पास 5 किसानों द्वारा चरनोई की भूमि पर कब्जा किया हुआ था, जिसे हटाने की कार्रवाई की गई है। इस दौरान दो हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है, जिसका बाजार मूल्य करीब 75 लाख रुपए है। जिन किसानों द्वारा चरनोई भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था उन पर जुर्माने की भी कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. अमित सिंह,**
**तहसीलदार शहरी विदिशा**

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रघुवीर चरण की याद में युवाओं ने किया रक्तदान





**▶ हिंदी भवन में हुई श्रद्धांजलि सभा, निशक्तजनों को भोजन कराया**

**विदिशा, देशबन्धु।** सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में गठित न्यास ने पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। हिंदी भवन में जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, डॉ. आरएस शर्मा, प्रकाश जोशी, अब्दुल सत्तार अमन, शिवकुमार तिवारी, पूर्व सैनिक राजाराम राजपूत एवं गोविन्द देवलिया आदि की विशिष्ट उपस्थिति में श्रद्धांजलि सभा की गई। जिसमें इंजी. दिनेश बाजपेयी, अतुल शाह, अरविंद श्रीवास्तव, जीएस दांगी, प्रो. गोविन्द चेट्टी, राम कृष्ण शर्मा, ओपी चतुर्वेदी, अशोक श्रीवास्तव, कमल रैकवार, रेखा आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। दोपहर में स्थानीय कच्छी भवन में निशक्तजनों को भोजन कराया गया। जिसमें विदिशा सेवा संस्थान के पदाधिकारियों प्रशांत शर्मा, आरके कुलश्रेष्ठ, अशोक करतरिया, संदीप शाह सहित स्वतंत्रता सेनानी न्यास के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**21 यूनिट रक्तदान किया गया:** दोपहर बाद इंजीनियरिंग कालेज एसएटीआई में प्रो. वायके जैन, प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. केजी किरार, प्रो. गोविन्द शेट्टी, शिल्पा तोमर आदि की विशेष उपस्थिति में अनेक युवाओं ने जिसमें एसएटीआई और सेंटमेरी कालेज के छात्र थे, 21 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त जानकारी न्यास के सचिव रामकृष्ण शर्मा ने प्रदान की।

# रासेयो के छात्र-छात्राओं ने गोदग्राम में किया साक्षरता सर्वे



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय सैड्डुट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की बालक-बालिका ईकाईयों के स्वयं सेवक-सेविकाओं ने गोद ग्राम जीवाजीपुर में बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं बालिका इकाई प्रभारी रजनी गुप्ता के मार्गदर्शन में रहवासियों के बीच पहुंचकर घर-घर साक्षरता सर्वे किया। इस दौरान स्वयं सेवकों द्वारा सर्वेक्षण पत्रक तैयार कर मुखिया का नाम, परिवार के सदस्यों के नाम, उम्र, जाति, शिक्षा का स्तर, अशिक्षा या अर्ध शिक्षा की स्थिति में आवश्यक उपाय, सुधार की संभावना पर जानकारी ली। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने बताया कि संस्था की राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गोद ग्राम में न केवल साक्षरता सर्वे किया जा रहा है बल्कि साक्षरता और शिक्षा सुधार के लिए आगामी माहों में कार्य योजना पर काम किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं रजनी गुप्ता ने बताया कि सर्वे के दौरान अशिक्षा के कई स्तर सामने आ रहे हैं। लोग शिक्षा को छिपाना चाहते हैं। सही जानकारी नहीं देते हैं। लोग प्रौढ़ साक्षरता सर्वे को शासकीय योजनाओं से जोड़कर साक्षरता सर्वे को भटकाने का प्रयास करते हैं। बच्चों के नाम स्कूलों में दर्ज तो हैं लेकिन बच्चे स्कूल कम जाते हैं या केवल मध्याह्न के लिए ही स्कूल पहुंचते हैं। इस दौरान बालक-बालिका इकाई के स्वयंसेवकों के 20-20 के दल सहित शिक्षिका डॉली तिवारी, दिनकर कद्रे, अनुज गुप्ता ने भाग लिया।

# नगर पालिका आपके फोन पर योजना में घर जाकर दिया मृत्यु प्रमाण पत्र



**सिरोंज, देशबन्धु।** आपकी नगर पालिका आपके फोन पर स्वच्छता संबंधित समस्त कार्य, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र घर जाकर दिए जा रहे है। इसके साथ ही आग की सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड को पहुंचाने का कार्य , स्ट्रीट लाइट बंद होने पर सूचना उपरांत उसे तत्काल दुरुस्त कराकर प्रकाश की व्यवस्थाएं करना नगर पालिका के फोन नंबर 07591253379, 7649854500 पर जानकारी मिलते ही की जा रही हैं। नगर पालिका द्वारा यह हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया था जिसमें आज तक 13 शिकायत प्राप्त हुई है जिसमें से अत्यधिक शिकायतों का निराकरण समय पर किया जा चुका है। आपकी नगर पालिका आपके फोन पर शुरू की गई योजना अंतर्गत पहली सूचना निधन की मिलने के बाद नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, वार्ड पार्षद फहीम खान और मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाश साहू द्वारा वार्ड क्रमांक 6 के स्व. प्रकाश प्रजापति के घर पहुंचकर परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र सौंपा।

# भगवान बालाजी को लगाया अन्न कूट का भोग



**विदिशा, देशबन्धु।** किले अंदर स्थित बालाजी मंदिर में भगवान श्री बालाजी महाराज को अन्न कूट का भोग लगाया गया इस अवसर पर श्री बालाजी एकादशी उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा बालाजी मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और प्रसादी ग्रहण की। किले अंदर स्थित श्री बालाजी भगवान मंदिर में रविवार को भंडारी का आयोजन किया गया इस अवसर पर मंदिर पुजारी बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बालाजी भगवान को छप्पन भोग लगाए गए और भंडारे का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि भगवान बालाजी मंदिर में श्री बालाजी एकादशी उत्सव समिति द्वारा भंडारे का आयोजन कराया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं और भगवान का प्रसाद ग्रहण करते हैं इससे पूर्व उन्होंने बताया कि भगवान वेंकटेश बालाजी का विशेष सिंगार किया गया और संध्या आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया इस दौरान भगवान वेंकटेश श्री बालाजी भगवान को छप्पन प्रकार के भोग लगाया गया।

# राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के लिए भोपाल रवाना हुए सीएम राइज स्कूल के खिलाड़ी



**सिरोंज, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता सोमवार से भोपाल में शुरू हुई। यह प्रतियोगिता 14 नवंबर तक जारी रहेगी। इसमें शामिल होने के लिए सीएम राइज स्कूल सिरोंज के छात्र तुलसी राम सैन, अनमोल अहिरवार रितिक अहिरवार आदर्श पंथी एवं तमन्ना यादव, ऋषिका दांगी, राधिका सैन, राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में खेलने के लिए भोपाल संभागीय दल में शामिल होने रवाना हुए। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भोपाल के ऐशबाग स्टेडियम एवं मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के टर्फ ग्राउंड खेली जाएगी। सुबह सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य महेश कुमार ताम्रकार एवं खेल शिक्षक जमशेद खान ने खिलाड़ियों को फूल माला पहनकर स्वागत कर भोपाल के लिए रवाना किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार सोनी, प्राचार्य मनोज शर्मा, संजीव माथुर, खेल शिक्षक शान मिया, जमशेद खान, केशव शर्मा, रितेश केवट, मनोज कुशवाहा,कुमारी प्रगति केवट एवं समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चौथे दिन खेले गए 4 सौ मुकाबले



**विदिशा, देशबन्धु।** जिला खेल परिसर 68वीं राष्ट्रीय स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतियोगिता के चौथे दिन 400 मुकाबले खेले गए। मीडिया प्रभारी विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन देर रात्रि में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी मनोज कटारे, वरिष्ठ खेल अधिकारी जेएस ठाकुर, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी एटी राजीव द्वारा खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने बताया कि अंडर 14 आयु बालक वर्ग में 21-23 किलोग्राम भार वर्ग में मध्य प्रदेश के रुद्रा पाटिल स्वर्ण पदक मेघारासन सीबीएसई को रजत पदक मुथुपंडी तमिलनाडु और आयुष राज बिहार को कांस्य पदक जीता। 27-29 किलोग्राम भार वर्ग में शुभम डोडिया मध्य प्रदेश को स्वर्ण पदक, अर्णव त्रिलोकवर केंद्रीय विद्यालय संगठन को रजत पदक, कुश सिंह बिहार और आर्यन हरियाणा को कांस्य पदक मिला। 32-35 किलोग्राम भार वर्ग में आर्यन पिंपलकर महाराष्ट्र को स्वर्ण पदक, श्रेय किमोठी केंद्रीय विद्यालय संगठन को रजत पदक, वेदांत कश्यप छत्तीसगढ़ और करण यादव सीबीएसई को कांस्य पदक मिला। इसके अलावा अंडर 14 आयु वर्ग बालिका के 20-22 किलोग्राम भार वर्ग में अनन्या रणसिंह महाराष्ट्र को स्वर्ण पदक, चिंटू दिल्ली को रजत पदक, करिश्मा कुमारी बिहार और वेगा शैजू केरला को कांस्य पदक हासिल हुआ। 22-24 किलोग्राम भार वर्ग में श्रुति गोगोई असम को स्वर्ण पदक, अनन्या तमिलनाडु को रजत पदक, कामाक्षी केंद्रीय विद्यालय संगठन अंशिका श्रीवास्तव मध्य प्रदेश को कांस्य पदक हासिल हुआ। 26-29 किलोग्राम भार वर्ग में सलोनी प्रसाद महाराष्ट्र स्वर्ण पदक भूमिका उत्तराखंड रजत पदक खंडोंगबाम कर्टिना चानू मणिपुर और किंजल पाल मध्य प्रदेश को कांस्य पदक। अंडर 17 आयु वर्ग बालक 35 किलोग्राम भार वर्ग में नीरज मीणा केंद्रीय विद्यालय संगठन स्वर्ण पदक गोकुल गिरी गोस्वामी उत्तराखंड रजत पदक अभिनव कुशवाह सीबीएसई और हर्षद महाराष्ट्र को कांस्य पदक, 48-51 किलोग्राम भार वर्ग में लालरुतकिमा मिजोरम को स्वर्ण पदक अब्दुल हाफिज को रजत पदक नीलापू आंध्र प्रदेश और मृत्युंजय उत्तरप्रदेश को कांस्य पदक, अंडर 17 आयु वर्ग बालिका 63-68 किलोग्राम भार वर्ग में आर रूबी वी केरला को स्वर्ण पदक तान्या आवटे महाराष्ट्र को रजत पदक नव्या सिंह सीबीएसई और अकीदत कौर सिंधु पंजाब को कांस्य पदक मिला। वहीं प्रतियोगिता सह नोडल प्रभारी प्रशांत रघुवंशी ने बताया कि आज 12 तारीख को प्रतियोगिता का समापन होगा।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### राकेश सिंह बने प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष

**बैतूल,देशबन्धु।** प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र सिंह पवैया द्वारा वरिष्ठ पत्रकार राकेश सिंह को संघ का बैतूल जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



पत्रकारिता के प्रति उनके वर्षों के समर्पण और योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। राकेश सिंह ने कहा कि वे पत्रकारों के हितों की रक्षा और कल्याण के लिए समर्पित रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वे पत्रकारों के विश्वास का सम्मान करते हैं और अपने नए पद पर मिल-जुलकर संघ को और मजबूत बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे। संघ के अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी इस नियुक्ति पर राकेश सिंह को शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में संघ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का संकल्प लिया।

### सीनियर महिला कबड्डी के लिए ट्रायल 13 को

**बैतूल,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश राज्य अंतर जिला सीनियर महिला कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन जबलपुर अमोच्योर कबड्डी फेडरेशन द्वारा 22 नवंबर से किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जिला कबड्डी संघ बैतूल द्वारा टीम के लिए ट्रायल 13 नवंबर को जे. एच .कॉलेज में शाम 4 बजे से किया जाएगा। कबड्डी संघ के सचिव नितेश राजपूत ने बताया ट्रायल में शामिल होने के लिए महिला कबड्डी को एकेएफआई से कराए गए पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य है। इसके साथ अपना आधार कार्ड, दो पासपोर्ट फोटो, महिला खिलाड़ी का बॉडी वेट 75 किलो से अधिक नहीं होना चाहिए। बैतूल कबड्डी संघ समस्त महिला कबड्डी खिलाड़ियों से आग्रह करता है कि अधिक संख्या में ट्रायल में उपस्थित होकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करें और अपनी जगह बैतूल कबड्डी टीम में सुनिश्चित करें।

### कुनबी समाज के लोग मुख्यमंत्री के पीएस, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से मिले

**सारनी,देशबन्धु।** हाई प्रोफाइल स्वर्गीय रविंद्र देशमुख आत्महत्या कांड में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी चार भगोड़े आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख के साथ सारनी, पाथाखेड़ा, बगडोना के कुनबी समाज संगठन के लोग मुख्यमंत्री से मिलने भोपाल पहुंचे, लेकिन मुख्यमंत्री मोहन यादव का निर्धारित दौरा होने के चलते उनसे मुलाकात नहीं हो पाई। बल्कि मुख्यमंत्री के पीएस एवं समाज के एक कार्यक्रम में पहुंचे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर सेल योगेश देशमुख से मुलाकात कर समाज के लोगों ने उन्हें अवगत कराया की कुनबी समाज के होनहार युवा स्वर्गीय रविंद्र देशमुख द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में उसे प्रताड़ित करने वाले 10 लोग पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिनमें से 6 की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन इनामी फरार आरोपी रंजीत सिंह, प्रकाश शिवहरे, नाजिया बानो, करण सूर्यवंशी आज भी पुलिस गिरफ्त से दूर है की जानकारी देते हुए उन्हें पकड़ने एवं मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। जिस पर मुख्यमंत्री के पीएस ने कहा मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में है। जल्दी ही इस मामले में बड़ी कार्रवाई होने वाली है। वहीं विधायक ने योगेश देशमुख से करीब 1 घंटे मुलताई रविंद्र देशमुख आत्महत्या मामले में चर्चा की, जिसके बाद योगेश देशमुख ने भोपाल पहुंचे समाज के लोगों को आश्वासन दिया कि मामले में बैतूल पुलिस अधीक्षक को निर्देश देकर फरार इनामी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर चर्चा की जाएगी।

### गौ सेवकों ने गाय को कुत्तों से बचाकर सुरक्षित प्रसव कराया

**सारनी,देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 जय देवा ग्राउंड के पास प्रसव पीड़ा से पीड़ित गाय का गौ सेवकों ने डॉक्टर के साथ मिलकर सुरक्षित प्रसव करवाई।



बताया जाता है कि प्रसव पीड़ा से पीड़ित एक गाय सुबह इधर उधर घूम रही थी, कुछ आवारा कुत्ते उसे परेशान कर रहे थे। तभी न्यूज पेपर बांटने वाले युवक की नज़र उस गाय पर पड़ी उसके पीछे बछड़े के दो पैर लटकते दिखाई दिए। उसने तुरंत अपनी साइकिल रोकी एवं पहले गाय के पीछे पड़े कुत्तों को भगाया और फिर खाली पड़े खंडार आवास गाय को बंद कर उसने गौ सेवक सुशांत यादव को जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर गौ सेवक की टीम सेवा में जुट गई। कोई चारे की व्यवस्था करने लगा तो कोई गाय के लिए पानी की तो कोई पशु चिकित्सक से संपर्क करने की कोशिश करने लगा। जानकारी मिलते ही लगभग 1 बजे सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रुपेश उभनारे वहां पहुंचे गौ सेवकों की मदद से प्रसव के लिए आवश्यक सामग्री जुटाई गई। रुपेश उभनारे ने कहा गौ सेवा से जुड़े नवयुवक सभी के लिए ये नया अनुभव था, गाय की तकलीफ देखकर वे दु:खी हो रहे थे। गाय को होने वाले हर दर्द का अहसास उन नवयुवकों के चेहरे पर दिखाई दे रहा था। आखिरकार गाय ने एक स्वस्थ बछड़े को जन्म दिया, वे सभी युवक बहुत खुश हुए। गौ सेवा में मुख्य रूप से सुजल सूर्यवंशी, चंदन सिंदूर, तुषार मालवीय, सुशांत यादव, कार्तिक टेकाडे, यश खडदेव, पारस धोटे का सहयोग रहा।

# जन अभियान परिषद की कक्षाओं में धांधली

## पार्षद ने निष्पक्ष जांच की मांग की, अभिलेखाधिकारी के नाम तहसीलदार चिचोली को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित संपर्क कक्षाओं में लगातार अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते परिषद की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। वार्ड क्रमांक 15, चिचोली की पार्षद नेहा रूपेश आर्य ने अभिलेखाधिकारी के नाम तहसीलदार चिचोली को ज्ञापन देकर संभागीय समन्वयक और जिला समन्वयक की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



ज्ञापन में बताया गया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व एवं क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी विश्वविद्यालय चित्रकूट के माध्यम से प्रत्येक विकासखंड में प्रति रविवार संपर्क कक्षाओं का संचालन किया जाता है। इन कक्षाओं में पांच-पांच परामर्शदाताओं को प्रत्येक रविवार 2 हजार रुपये का भुगतान किया जाता है, ताकि छात्र-छात्राओं में नेतृत्व कौशल का विकास किया जा सके। इस पाठ्यक्रम के तहत अधिकांशत: आदिवासी छात्र-छात्राएं बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

नेहा आर्य ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि इस योजना को सफल बनाने की बजाय संभागीय समन्वयक और जिला समन्वयक की मनमानी के कारण अनियमितताओं का खेल चल रहा है। चिचोली विकासखंड में 10 नवंबर को आयोजित संपर्क कक्षा में केवल 6 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे, जबकि कुल 152 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। प्रत्येक रविवार इसी प्रकार की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने बताया कि कक्षाएं केवल 12 बजे लगाई जाती हैं और 2:30 से 3 के बीच समाप्त कर दी जाती हैं।

परामर्शदाताओं की नियुक्ति में भी नियमों का उल्लंघन हुआ है। अधिकांश परामर्शदाता न तो शैक्षणिक योग्यता पूरी करते हैं और न ही कक्षाएं संचालित करने का अनुभव रखते हैं। इसके बावजूद जिला समन्वयक और संभागीय समन्वयक की सिफारिश पर इन्हें नियुक्त किया गया है, जिससे छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। जिला समन्वयक के पद पर पिछले 11 वर्षों से कार्यरत एक अधिकारी पर आरोप है कि वे मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहते और अक्सर भोपाल में रहते हैं। उनके पास कई विकासखंडों का अतिरिक्त प्रभार है, जिससे उन्हें भ्रष्टाचार करने का अवसर मिलता है। परामर्शदाताओं और नवांकुर संस्थाओं के चयन में भी नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है। नेहा आर्य ने मांग की है कि परिषद के कार्यों की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, प्रमुख सचिव योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, भोपाल और कार्यपालक निदेशक जन अभियान परिषद, भोपाल को भी भेजी गई है।

# धूम धाम से मनाया जाएगा खाटू श्याम का जन्मदिन, होगा भंडारा



**आमला,देशबन्धु।** कहा जाता है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को भगवान खाटू श्याम का जन्मदिन मनाया जाता है । द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने भीम के पोते बर्बरीक को वरदान दिया था कि कलयुग में लोग तुम्हारी पूजा मेरे नाम से करेंगे। इसी वरदान के स्वरूप आज इनकी पूजा श्याम नाम से की जाती है। इस बार इनका जन्मदिन 12 नवंबर, मंगलवार को मनाया जा रहा है। इस मौके पर श्री श्याम दरबार रेलवे लाइन के पास आज बाबा का जन्मदिन बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा. जिसमें केक काटकर तथा साबूदाने की खिचड़ी और खीर का प्रसाद वितरण किया जाएगा । श्याम प्रेमी सुमित महतकर से मिली जानकारी के अनुसार आज दिनांक 12 नवंबर को भंडारा प्रसादी होगा। और 13 नवंबर को निशान यात्रा होगी जो कि पुराने पुलिस थाने हनुमान मंदिर से होकर आमला नरेश के दरबार पहुंचेगी। साथ ही 14 नवंबर को भव्य कीर्तन होगा जिसमें जयपुर राजस्थान से सु विख्यात भजन गायिका सुरभि चतुर्वेदी अपने भजनों की प्रस्तुति देगी । यह आयोजन पुलिस ग्राउंड आमला में होगा। श्याम परिवार के सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने सभी भक्तो को आमंत्रित किया है।

# सांच को आंच , झूठ को छूट !

## मामला पट्टे की जगह पर एक महिला की दबंगाई



**बैतूल,देशबन्धु।** शहर के सदर क्षेत्र के शास्त्री वार्ड में पट्टे की जगह पर काबिज दो परिवार का मामला इसलिए थाना कोतवाली पहुंच गया कि उसमे एक महिला की नियत में खोंट आ गई और वह महिला होने का फायदा लेने दबंगाई करते हुए दूसरे के कमरे में दीवार तोड़ कर कब्जा जमा लिया और वहां रखे सामान भी चोरी कर लिया। महिला की इस करतूत से व्यथित दूसरे व्यक्ति ने न्याय के लिए थाने में इसकी शिकायत की तो उल्टे उनको ही जेल भेज दिया है। यानी इस मामले में कानून का ऐसा प्रयोग किया गया है कि सांच को आंच आ गया और झूठ को छूट दे दी गई है।अब प्रशासन के लिए सिर दर्द का विषय है कि पीड़ित ने जेल से अपनी जमानत कराने से इंकार कर दिया है । मामले में उनका कहना है कि अपराध करने वाली महिला पर कोई कारवाई नहीं की गई बल्कि उल्टे उन्हें सजा दी गई है ।

जानकारी के मुताबिक शास्त्री वार्ड में स्थित महाजन हॉस्पिटल के सामने शहीद दीपक चौक के बगल में सरकारी जमीन पर पट्टे पर काबिज स्वर्गीय संतरी बाई साहू ने जीवित अवस्था में अपनी उपचार के लिएआधी जमीन पर बने 10- 15 यानी 150 वर्ग फीट के टीन के सेड ठाठ को पिछले वर्ष 30 नवंबर 20 23 को उनके परिवार के आपसी सहमति से सतीश यादव को तीन लाख रुपए में बेच दिया था, जिसकी लिखा पढ़ी दो गवाहों के समक्ष हुआ है । इस तरह आधी जगह में विक्रेता और आधी में यादव परिवार रहने लगे । लेकिन इस बीच विक्रेता संतरी बाई साहू की मौत हो गई । उसके बाद उनकी नातिन दीपा साहू पति सूर्य शेखर शुरू साहू ने गत 28 अक्तूबर को सतीश यादव के काबिज कमरे में दीवाल तोड़कर अंदर से ताला जड़ दिया और कुछ सामान भी चुरा लिया है । ताकि हम वह वहां रह नही पाए और उनका खुद का कब्जा हो जाए। इस तरह इसके पूर्व भी उक्त महिला द्वारा ऐसी हरकत कर चुकी थी, जिसकी शिकायत सतीश यादव ने बैतूल महिला सेल में कर चुके है । इसके बावजूद सतीश यादव के साथ न्याय करने के बजाय एसडीएम ने उन्हें जेल भेज दिया है और जिस महिला ने दबंगई करते हुए अंदर की दीवार को तोड़कर कानून की धज्जियां उड़ाने का दुस्साहस किया है, उन्हे प्रशासन द्वारा कुछ नही करके एक तरह से दबंगई करने वाली दीपा साहू को सहयोग किया है ।

घटना से प्रताड़ित सतीश यादव की पत्नी आशा यादव ने बताया कि उनके पति की स्वास्थ्य ठीक नहीं है, जिसके चलते वे दूसरों के घर बर्तन धोने का काम करती है और छोटे छोटे दो बच्चों को पाल रही है। उनका आरोप है कि प्रशासन इस मामले में एकतरफा कारवाई करते हुए उनके पति को जेल भेज दिया है जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। फरियादी की पत्नी आशा यादव का कहना है कि कानून के रखवाले कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं । इस आशय को लेकर उन्होंने एसपी निश्चल एन झरिया को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है । आशा ने एसपी को दिए आवेदन में आपने आधिपत्य की जगह पर रहने दिए जाने तथा दीवाल तोड़कर अनधिकृत रूप से ताला लगा देने वाली श्रीमती दीपा साहू पर तुरंत अपराध दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है। आशा यादव ने जब आवेदन पत्र प्रस्तुत किया तब उनके साथ विक्रेता स्वर्गीय श्रीमती संतरी बाई साहू के पुत्र जगदीश साहू श्रीमती आशा यादव के पक्ष में एसपी के समक्ष मौजूद हुए थे ।

### इनका कहना

पीड़ित महिला आशाबाई यादव को सांत्वना देते हुए कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा ,मौका मुआयना कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

**- निश्चल एन झरिया**
एसपी बैतूल

# गांव-गांव से जुटाए पानी के नमूनों पर छात्राओं ने किया परीक्षण

## शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय में छात्राओं ने देखा पानी की अशुद्धियों का असर

**बैतूल,देशबन्धु।** जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती, और पृथ्वी पर जल सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है। इसी उद्देश्य और इसके महत्व को समझाने के लिए 11 नवंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैतूल गंज में विद्यालय की छात्राओं को पानी की गुणवत्ता और परीक्षण विधि की जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में शिक्षक महेश गुंजेले ने छात्राओं को उनके गांव और वार्ड से पीने के पानी का नमूना एकत्र करने का निर्देश दिया, जिनमें जुनावानी, रतनपुर, केलापुर, महुपानी, बाजपुर, उमरी जागीर, सोनाघाटी, पागंरा, भयावाड़ी, कोशमी, गवाईढाना, बुंडाला, झाड़ेगांव और बैतूल शहर के कई वार्ड शामिल थे।



छात्राओं ने इन नमूनों में पानी की पीएच मान, क्लोरीन, हार्डनेस, क्लोराइड, अल्कालिनिटी, आयरन, नाइट्रेट, टर्बिडिटी, फ्लोराइड, अमोनिया आदि का परीक्षण किया। शिक्षक महेश गुंजेले के मार्गदर्शन में छात्राओं ने रासायनिक तत्वों के अधिक उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों की जानकारी ली। बोरॉन और पारा जैसे तत्व तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करते हैं, जबकि क्लोराइड रक्तचाप बढ़ा सकता है। नाइट्रेट बच्चों में ब्लू बेबी सिंड्रोम का कारण बन सकता है, वहीं कीटनाशकों का सेवन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म देता है।

परीक्षण के दौरान छात्राओं ने विद्यालय के आरओ के पानी और सामान्य पानी का पीएच मान जांचा, जो कि 7.5 पाया गया, और अन्य गांवों तथा वार्डों के पानी का पीएच मान 7.5 से 8.5 के बीच रहा, जो स्वीकार्य सीमा में है। फ्लोराइड की मात्रा भी 0.5 से 1.00 मिलीग्राम प्रति लीटर पाई गई, जो कि भारतीय मानक ब्यूरो और विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुसार सुरक्षित है।

शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि पानी में उपस्थित रसायन जैसे फ्लोराइड दांतों और हड्डियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं, जबकि आर्सेनिक त्वचा रोग और कैंसर का कारण बन सकता है। इसलिए सभी को समय-समय पर पानी की जांच कर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए। इस कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं ने पानी की गुणवत्ता के महत्व और उसकी जांच की विधियों को अच्छे से समझा, जिससे वे स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक जल के प्रति जागरूकता फैला सकें।

### सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया

**बैतूल,देशबन्धु।** विशाल हिंदू वाहिनी संगठन द्वारा श्री अग्रसेन महाराज इंटरनेशनल स्कूल भग्गूढाना में सामूहिक सुंदरकांड का कार्यक्रम संपन्न किया गया। सामूहिक सुंदरकांड के आयोजन में संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने विश्व कल्याण एवं सामूहिक सद्भावना के लिए भगवान राम और हनुमान की वहां आरती में भाग लिया। विशाल हिंदू वाहिनी संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप सोलंकी ने बताया कि सामूहिक सुंदरकांड कार्यक्रम पूरे प्रदेश में एक साथ एक समय पर संपन्न किया गया जिसमें सभी जगह संगठन के कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सुंदरकांड का पाठ किया। सामूहिक सुंदरकांड कार्यक्रम का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अर्चना वर्मा के संरक्षण किया गया। सामूहिक सुंदरकांड कार्यक्रम में पधारे अग्रसेन महाराज स्कूल के संचालक अनिल राठौड़ ने कहा कि मात्र शक्ति के बिना आज किसी भी संगठन को चलाना बड़ा मुश्किल काम है किंतु आज मातृशक्ति है इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। समिति के मनीष धोटे ने कहा कि आज जो कार्यक्रम संपन्न किया गया जिसमें समय का निर्धारण बहुत अच्छा लगा जो समय से प्रारंभ किया गया एवं पूरी समय सीमा के में कार्यक्रम का समापन किया गया लोगों ने समय पर कार्यक्रम करने की प्रेरणा दी जो एक मिसाल है। कार्यक्रम में वशाल हिंदू वाहिनी संगठन की सरिता खातरकर प्रदेश प्रभारी, मीरा वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, प्रियंका सिंह राठौर प्रदेश उपाध्यक्ष, रत्नमाल खादिरकर प्रदेश मंत्री, कंचन वर्मा , लक्ष्मी नागले, माधुरी वर्मा, प्रीति वर्मा ,रीना सोलकी, किरण सोलंकी, खुशबू सोलंकी, प्रियंका भारके, रोशनी पांसे, रीता बरसे, रानी वर्मा, जया कापसे, सपना वर्मा, भारती वर्मा ,पूजा करोले, प्रतिभा अवस्थी व जिला कार्यकारणी के सभी सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाआरती की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गय।

### पूर्व विधायक स्व. विनोद डागा की स्मृति में अल्पसंख्यक कांग्रेस ने की निशुल्क भोजन सेवा

**बैतूल,देशबन्धु।** अल्पसंख्यक कांग्रेस बैतूल द्वारा स्व. पूर्व विधायक विनोद डागा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर जिला अस्पताल में जरूरतमंदों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है। यह कार्यक्रम 11 एवं 12 नवंबर को आयोजित हो रहा है, जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों और अन्य जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार से हुई, जिसमें प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आबिद खान , पूर्व पार्षद सलाम भाई, पार्षद अशोक नागले, प्रशांत राजपूत, राकेश मांझी, सोनू राठौर, सद्दाम खान, सादिक खान और धर्मेंद्र उपस्थित रहे। इस सेवा आयोजन में सभी ने भोजन वितरण में योगदान दिया और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आबिद खान ने कहा कि स्वर्गीय विनोद डागा ने अपने कार्यकाल में बैतूल के विकास और जनसेवा के लिए अनेकों कार्य किए थे। उनके द्वारा समाजसेवा का जो बीज बोया गया, वही भावना अब हमें इस सेवा में प्रेरित करती है। इस स्मृति कार्यक्रम का उद्देश्य केवल श्रद्धांजलि देना नहीं, उनके सिद्धांतों को आगे बढ़ाना है।



स्व. डागा की पुण्यतिथि के अवसर पर 12 नवंबर को जरूरतमंदों के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था जिला अस्पताल में की गई है। जिसमें बैतूल के गणमान्य नागरिक, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्य सम्मिलित होंगे। अल्पसंख्यक कांग्रेस ने बैतूलवासियों से इस आयोजन में भाग लेकर स्व.विनोद डागा की स्मृति को सम्मानित करने और उनके आदर्शों को समाज में जीवित रखने का अनुरोध किया है।

# लाड़ली लक्ष्मी योजना में नाम जोड़ने का झांसा देकर 35 हजार रुपए ठगे

## पीड़ित ने की कलेक्टर से शिकायत

**बैतूल,देशबन्धु।** आमला ब्लॉक के ग्राम मांडई के किसान दुमनलाल पिता नत्थू यदुवंशी ने कलेक्टर के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत करते हुए लाड़ली लक्ष्मी योजना में नाम जोड़ने का झांसा देकर 35,500 रुपये ठगने की शिकायत की है। आवेदक दुमनलाल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, आमला में कार्यरत सुपरवाइजर वर्षा पंवार और आंगनवाड़ी सहायिका हेमलता मगरदे ने मिलकर उनसे यह रकम हड़पी है।

आवेदन के अनुसार, दुमनलाल की पत्नी का नाम बसंती है और उनके एक पुत्र व एक पुत्री हैं। 28 दिसंबर 2023 को अनावेदक हेमलता उनके घर आई और कहा कि उनके बच्चे का लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत कार्ड बनना है। उसने बताया कि अगले दिन सुपरवाइजर मेडम आने वाली हैं और आंगनवाड़ी केंद्र पर आने का आग्रह किया। 29 दिसंबर को दुमनलाल और उनकी पत्नी आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां सुपरवाइजर वर्षा पंवार से फोन पर बात करवाई गई। वर्षा पंवार ने कहा कि नाम जोड़ने के लिए कुछ खर्चा लगेगा। इसके बाद, 1 जनवरी 2024 को वर्षा पंवार स्वयं केंद्र पर आईं और उन्होंने कहा कि 35 हजार 500 रुपये अभी देने होंगे और नाम जुड़ने के बाद 1 लाख 50 हजार रुपये मिलने पर 20 हजार रुपये और देने होंगे। दुमनलाल ने चार ग्रामीणों - अंगद मगरदे, जोगी मगरदे, नंदन मगरदे और रमेश मगरदे - के सामने 24 जनवरी को वर्षा को 35 हजार 500 रुपये दिए। बावजूद इसके, कार्ड नहीं बना। जब दुमनलाल ने पैसे लौटाने की मांग की, तो दोनों अनावेदकों ने उन्हें धमकियां दीं। दुमनलाल ने आरोप लगाया कि सुपरवाइजर मेडम ने शुरू में अपना नाम रोशनी बताया था, जबकि बाद में पता चला कि उनका असली नाम वर्षा पंवार है। शिकायत में बताया गया है कि दुमनलाल ने 15 मई 2024 को सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें गलतफहमी के चलते उनके नाम की जगह कोमल यदुवंशी दर्ज हो गया था। इसके बाद, 21 अगस्त को महिला एवं बाल विकास कार्यालय में उन्हें बुलाया गया, जहां अधिकारी ने शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हुए कहा कि यदि वे शिकायत वापस लेंगे, तो उन्हें पैसा दिलवा दिया जाएगा।

# मोंटू राठौर के लिए न्याय की मांग, कार्यवाही नहीं होने पर प्रदर्शन की चेतावनी

**बैतूल,देशबन्धु।** भैंसदेही में पुलिस द्वारा की गई कथित गलत कार्रवाई के विरोध में राठौर समाज ने एसडीएम भैंसदेही को ज्ञापन सौंपा और उचित जांच की मांग की है।



समाज के अध्यक्ष सुभाष राठौर और उपाध्यक्ष आनंद राठौर ने बताया कि मोंटू राठौर अपनी छोटी सी किराना दुकान चलाता है।9 नवंबर की सुबह मोंटू के घर पर पुलिस थाने से एएसआई कीर, कुछ पुलिसकर्मी और शराब ठेकेदार डॉ. इंगने पहुंचे। आरोप है कि वे जबरदस्ती मोंटू के घर में घुसे और उस पर शराब का अवैध व्यापार करने का आरोप लगाया। ज्ञापन के अनुसार, शराब ठेकेदार अपने साथ एक सफेद बोरी में 10-20 क्वार्टर शराब लेकर आया था, जिसे उसने मोंटू के घर में रखकर जप्त करवा दिया। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, जिसमें शराब ठेकेदार और एएसआई कीर की यह कार्रवाई कैद है। इसके बाद मोंटू को थाने ले जाया गया और फिर झूठी कहानी बनाकर 100 नंबर की गाड़ी बुलाकर बरहापुर मार्ग पर वीडियो बनवाकर शराब जब्ती की कार्रवाई की गई।

ज्ञापन में बताया गया है कि मोंटू राठौर का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और इस घटना से पहले उसके खिलाफ किसी भी प्रकार का कोई प्रकरण दर्ज नहीं था। इस झूठे आरोप के खिलाफ राठौर समाज ने नाराजगी जताई है और कहा कि यदि मोंटू के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस नहीं ली गई तो वे जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में संतोष राठौर, सोनू राठौर, मुकेश कुमार, मनीष राठौर, संजू राठौर, आशीष राठौर, नरेश राठौर, राजू मालवीय, रवि कुबड़े और हेमराज राठौर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# सर्व समाज जनसेवक राष्ट्रीय संगठन में गंगा प्रसाद बने शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

## लालसिंह लोकसभा अध्यक्ष,ममता को महिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण भूमिका

**बैतूल,देशबन्धु।** सर्व समाज जनसेवक राष्ट्रीय संगठन ने अपने शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के रूप में गंगा प्रसाद यादव की नियुक्ति की है, जो शिक्षा और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही, लालसिंह भलावी को लोकसभा अध्यक्ष बैतूल का दायित्व सौंपा गया है, और सुश्री ममता उइके को महिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान की गई है। इन सभी नियुक्तियों के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।



उल्लेखनीय है कि यह संगठन एक पूर्णत: गैर-राजनीतिक मंच है, जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर पिछड़े, कमजोर और उपेक्षित वर्ग के उत्थान के लिए काम करना है। संगठन का मुख्य फोकस पीड़ित मानवता की सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करना और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। संगठन का उद्देश्य समाज के कमजोर और उपेक्षित वर्ग की मदद करते हुए उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार से मांग करना भी है। सर्व समाज जनसेवक संगठन देश भर में सर्व धर्म समभाव के साथ जनकल्याण के लिए कार्यरत है। यह संगठन विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहा है, जिसमें समाज के वंचित वर्गों को स्वैच्छिक मदद प्रदान करना शामिल है। संगठन द्वारा सरकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करने का प्रयास भी किया जा रहा है। गंगा प्रसाद यादव की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर नियुक्ति और लालसिंह भलावी को लोकसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश अध्यक्ष, संभागीय अध्यक्ष, महिला कार्यकारिणी और इष्ट मित्रों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन ने जनकल्याण और समाज सेवा के क्षेत्र में और अधिक मजबूती से कार्य करने का संकल्प लिया है।

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 4.22 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.60 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.58 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.24 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.21 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 8.18 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.76 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.73 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.65 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 1.64 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 77,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 91,310 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.10 | 84.11 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एसएटीआरसी-25 की बैठक का किया उद्घाटन, कहा

## वैश्विक दक्षिण का आवाज के रूप में उभर रहा भारत

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण की आवाज़ के रूप में उभर रहा है और एसएटीआरसी 25 ज्ञान-साझाकरण और उभरती नीति और विनियामक चुनौतियों पर अभिनव दृष्टिकोणों के संगम के लिए एक उत्कृष्ट मंच के रूप में काम करेगा।

श्री सिंधिया ने दक्षिण एशियाई दूरसंचार विनियामक परिषद (एसएटीआरसी -25) की 25वीं बैठक का उद्घाटन करते हुए कहा कि सुरक्षित और मानक संचालित भविष्य को विनियामक निकायों द्वारा नीतियों के निर्माण का मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया वैश्विक आईसीटी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और ऐसे नियमों की आवश्यकता पर बल दिया जो समावेशिता सुनिश्चित करते हुए नवाचार को प्रेरित करते हैं। नई तकनीकी प्रगति के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) का आगमन हमारे राष्ट्रों के सबसे दूरस्थ कोनों तक दूरसंचार कवरेज का विस्तार करने का एक परिवर्तनकारी अवसर



**एनटीएन के विकास से संचार प्रौद्योगिकियों में नए आयाम खुलेंगे : ज्योतिरादित्य सिंधिया**

प्रस्तुत करता है। मुझे आशा है कि एनटीएन के विकास से संचार प्रौद्योगिकियों में नए आयाम खुलेंगे, विविध क्षेत्रों में अभिनव अनुप्रयोगों को बढ़ावा मिलेगा और अंततः संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएन एसडीजी) की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा को आगे बढ़ाया जाएगा।

श्री सिंधिया ने ब्रॉडबैंड पहुंच का विस्तार करने, नियामक ढांचे को बढ़ाने और एक समावेशी डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि असाधारण 1.2 अरब टेलीफोन और 97 करोड़ इंटरनेट ग्राहकों के साथ, भारत एक डिजिटल टाइटन के रूप में उभर रहा है, चूंकि हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की तुलना में 2.8 गुना तेज गति से बढ़ रही है, इसलिए हमारा अनुमान है कि यह 2026-27 तक 20 प्रतिशत की वृद्धि तक पहुंच जाएगी।

उन्होंने सदस्य देशों से डिजिटल समावेशिता, टिकाऊ नेटवर्क अवसंरचना और उपभोक्ता संरक्षण जैसे मुद्दों पर सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया को एक जुड़े हुए, लचीले और टिकाऊ भविष्य के निर्माण के अपने प्रयासों में एकजुट होना चाहिए। इसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, ईरान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका सहित एसएटीआरसी सदस्य देशों के प्रमुखों और संबद्ध सदस्यों ने भाग लिया।

### उत्तराखंड में जोर पकड़ रहा '2जी मुक्त भारत' अभियान

**देहरादून।** उत्तराखंड में रिलायंस जियो का '2जी मुक्त भारत अभियान' ज़ोर पकड़ रहा है। राज्य के सभी 13 जिला और तहसील मुख्यालयों के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर 2जी उपयोगकर्ताओं को 4जी मोबाइल नेटवर्क पर अपग्रेड करने के लिए जियो विशेष कैम्प लगा रहा है। मात्र 699 रु कीमत वाले जियोभारत फोन से 2जी से 4जी का अपग्रेड होना काफी आसान हो गया है। कंपनी, जियोभारत 4जी फोन की मदद से प्रदेश के उन लाखों उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहती है जो अब भी 2जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अकेला जियो ही ऐसा ऑपरेटर है, जो सिर्फ 4जी नेटवर्क ऑपरेट करता है। जियो के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बेहद कम लागत पर अधिक से अधिक लोग 4जी नेटवर्क से जुड़ सकें इसलिए रिलायंस जियो ने हाल ही में अपने जियोभारत 4जी फोन की कीमत 999 रु से घटाकर 699 रु कर दी है। यह ऑफर सीमित अवधि के लिए है। कंपनी के जियोभारत फोन का मासिक रिचार्ज भी इंड्स्ट्री में सबसे कम मात्र 123 रुपए है।




## भारत वैश्विक स्तर पर एआई अपनाने में सबसे आगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया भर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की लहर है। भारत भी एआई को अपनाने की दौड़ में शामिल है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत एआई अपनाने में सबसे आगे है। देश की 30 प्रतिशत कंपनियों ने एआई की मूल्य क्षमता को बढ़ाने में योगदान दिया है, जो वैश्विक औसत 26 प्रतिशत से अधिक है।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट से पता चला है कि भारतीय कंपनियां कम और उच्च-प्रभाव वाली एआई पहलों को प्राथमिकता देती हैं।

ये कंपनियां इन प्रयासों को दूसरों की तुलना में 1.7 गुना अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाती हैं। इन कंपनियों ने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की तुलना में निवेश पर 2.1 गुना रिटर्न (रिटर्न ऑन इंवेस्टमेंट) हासिल किया। सौ प्रतिशत कंपनियों द्वारा एआई के साथ सक्रिय रूप से प्रयोग करने के साथ, भारत एआई की क्षमता का इस्तेमाल करने में सभी से आगे है। यह रिपोर्ट एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका के 59 देशों में फैले 20 से अधिक क्षेत्रों के 1,000 सीएक्सओ और वरिष्ठ अधिकारियों के




**■ देश की 30 प्रतिशत कंपनियों ने एआई की मूल्य क्षमता को बढ़ाने में दिया योगदान**

सर्वेक्षण पर आधारित है, जो कि दस प्रमुख उद्योगों को कवर करती है।

इंडस्ट्री में एआई प्रोग्राम के निरंतर विस्तार के बावजूद केवल 26 प्रतिशत कंपनियां ही एआई की क्षमताओं के साथ कुछ बेहतर करने को लेकर वैश्विक स्तर पर डेवलप हो पाई हैं। बीसीजी के इंडिया लीडर, टेक्नोलॉजी एंड डिजिटल एडवांटेज प्रैक्टिस, सैबल चक्रवर्ती ने कहा कि भारत द्वारा एआई को तेजी से अपनाना वैश्विक स्तर पर इसकी प्रतिस्पर्धात्मकता को फिर से परिभाषित कर रहा है, जिसमें 30 प्रतिशत भारतीय कंपनियों ने एआई की मूल्य क्षमता को अधिकतम किया है, जो वैश्विक औसत 26 प्रतिशत से अधिक है।

## सोना की कीमतों में गिरावट जारी



**■ 24 कैरेट सोना का भाव गिरकर 77 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया**

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। फेस्टिव सीजन के बाद गोल्ड की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। सोमवार को 24 कैरेट गोल्ड का भाव गिरकर 77,000 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है।

इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड का भाव 77,030 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 22 कैरेट गोल्ड का रेट 75,180 रुपए प्रति 10 ग्राम और 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 68,550 रुपए प्रति 10 ग्राम है।

18 कैरेट गोल्ड की कीमत 62,390 रुपए प्रति 10 ग्राम और 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 49,680 रुपए प्रति 10 ग्राम है।

गोल्ड की कीमतों में अक्टूबर की तेजी के बाद लगातार गिरावट जारी है। गोल्ड का भाव 6 नवम्बर को इस महीने के निचले स्तर 76,980 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। कीमतों में गिरावट की वजह फेस्टिव सीजन के बाद लगातार मांग में गिरावट को माना जा रहा है।

## आर्थिक दबाव के बीच मजबूत हो रहे भारत-रूस व्यापारिक संबंध : मंटुरोव

**मुंबई,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने सोमवार को कहा कि बाहरी आर्थिक दबाव के बीच भी रूस-भारत के व्यापारिक संबंध मजबूत होते जा रहे हैं। उन्होंने ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्री के विकास और परमाणु क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने को दोनों देशों के बीच भविष्य के सहयोग के प्राथमिकता वाले तकनीकी क्षेत्र बताया। मंटुरोव और विदेश मंत्री (ईएएम) एस. जयशंकर ने मुंबई में भारत-रूस बिजनेस फोरम में रूसी और भारतीय व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। यह मुलाकात मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतर-सरकारी रूसी-भारतीय आयोग के 25वें सत्र से पहले हुई।

फोरम में दोनों देशों के उद्यमियों के बीच मजबूत व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा



**■ विदेश मंत्री ने की रूसी व भारतीय व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात**

देने के उद्देश्य से सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर सत्र आयोजित किए गए। अपने संबोधन में मंटुरोव ने बताया कि दोनों देशों के बीच उच्च प्रभाव वाली आर्थिक साझेदारी का आधार दो राष्ट्रीय कार्यक्रम है जिनकी भावना समान है - भारत का 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम और रूसी सरकार की तरफ से प्रौद्योगिकीय संप्रभुता की दिशा में उठाया गया कदम। उन्होंने कहा कि इन दोनों पहलों का उद्देश्य उत्पादन की गति में तेजी लाना, इनोवेशन का विकास करना और बुनियादी ढांचे संबंधी बाधाओं को हटाना है।

**सार संक्षेप**

### बैंक ऑफ इंडिया का मुनाफा 63 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 2374करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 1458 करोड़ रुपए की तुलना में करीब 63 प्रतिशत अधिक है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश कर्नाटक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में वित्तीय लेखाजोखा पेश करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सितम्बर 2024 में समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 62.76 प्रतिशत बढ़कर 2374 करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही बैंक की शुद्ध ब्याज आय 5986 करोड़ रुपए रही है जो सितम्बर 2023 में समाप्त तिमाही की 5740 करोड़ रुपए की आय की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि इस तिमाही के दौरान बैंक की सकल एनपीए में 143 आधार अंकों की कमी आई है और यह घटकर 4.41 प्रतिशत पर आ गई है। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 60 आधार अंक सुधरकर एक प्रतिशत से नीचे 0.94 प्रतिशत पर आ गई है।

### भारत में आईफोन का उत्पादन 30 अरब डॉलर होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** अगले साल जनवरी में अमेरिका के नए राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप अगर चीनी आयात पर भारी टैरिफ लगाने पर अमल करते हैं, तो एप्पल की ओर से इसका सीधा फायदा भारत को होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एप्पल भारत में अपने आईफोन उत्पादन में तेजी से वृद्धि कर सकता है, जो अगले दो वर्षों में संभावित रूप से सालाना 30 बिलियन डॉलर से अधिक हो सकता है। वर्तमान में भारत में एप्पल के आईफोन का उत्पादन मूल्य लगभग 15-16 बिलियन डॉलर सालाना है। ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के फैसले से एप्पल आईफोन का उत्पादन डबल होने की उम्मीद की जा रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में अपने कैंपेन के दौरान कहा था कि अगर वह चुनाव में जीत हासिल करेंगे, तो चीनी आयात पर 60 से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे।

### एयूएम अक्टूबर में नए ऑल-टाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** भारत की म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) अक्टूबर में बढ़कर नए ऑल टाइम हाई 66.98 लाख करोड़ पर पहुंच गई है। इसमें मासिक आधार पर 0.25 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। सितम्बर में यह 66.82 लाख करोड़ रुपए थी। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से सोमवार को जारी किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस महीने कुछ निवेशकों ने हाइब्रिड फंड्स में निवेश में रुचि दिखाई है। इसकी वजह मार्केट में उतार-चढ़ाव होना है। हाईब्रिड म्यूचुअल फंड कैटेगरी में निवेश मासिक आधार पर 244 प्रतिशत बढ़कर 16,863 करोड़ रुपए हो गया है। यह आंकड़ा सितम्बर में 4,901 करोड़ रुपए पर था।

## लिवाली से शेयर बाजार में मामूली बढ़त

**■ सेंसेक्स 9.83 अंक बढ़कर 79,496.15 पर रहा**
**■ निफ्टी 6.90 अंक फिसलकर 24,141.30 पर बंद**

**मुंबई,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग, टेक और फोकस्ड आईटी समेत छह समूहों में हुई लिवाली से आज शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ सपाट बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 9.83 अंक बढ़कर 79,496.15 अंक हो गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 6.90 अंक फिसलकर 24,141.30 अंक पर सपाट रहा। वहीं, दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.79 प्रतिशत लुढ़ककर 45,715.21 अंक अरु स्मॉलकैप 1.14 प्रतिशत का गोता लगाकर 54,286.41 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4213 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2568 में गिरावट जबकि 1530 में तेजी रही वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियां लाल जबकि 19 हरे निशान पर रहीं वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के छह समूहों में लिवाली जबकि अन्य में बिकवाली हुई। इससे वित्तीय सेवाएं 0.29, आईटी 1.01, बैंकिंग 0.55, पावर 0.27, टेक 0.78 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.09 प्रतिशत उछल गया। वहीं, कमोडिटीज 1.25, सीडी 0.51, ऊर्जा 0.79, एफएमसीजी 0.90, हेल्थकेयर 1.33, इंडस्ट्रियल्स 0.70, ऑटो 0.67, धातु 0.97, तेल एवं गैस 0.79 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान




ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.73, जर्मनी का डैक्स 1.27, जापान का निक्केई 0.08 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.51 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.45 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 188 अंक की गिरावट लेकर 79,298.46 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 79,001.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर तक यह 80,102.14 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,486.32 अंक के मुकाबले 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 79,496.15 अंक पर सपाट रहा। इसी तरह निफ्टी भी 61 अंक टूटकर 24,087.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,004.60 अंक के निचले जबकि 24,336.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,148.20 अंक की तुलना में 0.03 प्रतिशत फिसलकर 24,141.30 अंक पर लगभग सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जो कंपनियां लाभ में रहीं उनमें पावरग्रिड 4.22, एचसीएल टेक 1.60, इंफ़ोसिस 1.58, टेक महिंद्रा 1.24, टीसीएस 1.21, मारुति 0.86, आईसीआईसीआई बैंक 0.78, एचडीएफसी बैंक 0.69, इंडसइंड बैंक 0.64, टाइटन 0.64, एसबीआई 0.54 और एक्सिस बैंक 0.44 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एशियन पेंट 8.18, टाटा स्टील 1.76, बजाज फाइनेंस 1.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.65, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.64, एनटीपीसी 1.32, अडानी पोर्ट्स 1.17, बजाज फिन सर्व 1.15, एलटी 0.92, सन फार्मा 0.91, रिलायंस 0.85, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.66, नेस्ले इंडिया 0.57, अल्ट्रासिमको 0.52, आईटीसी 0.31, टाटा मोटर्स 0.12 और कोटक बैंक के शेयर 0.12 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

## चालू वित्त वर्ष में एलआईसी का नया प्रीमियम 1.33 लाख करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 2025 के पहले सात महीनों के दौरान नए व्यवसाय प्रीमियम में 22.52 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, नया व्यवसाय प्रीमियम पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,08,289.78 करोड़ रुपए की तुलना में 1,32,680.98 करोड़ रुपए है।



इंडिविजुअल प्रीमियम कैटेगरी में, एलआईसी ने वित्त वर्ष 2025 के पहले सात महीनों में 33,204.36 करोड़ रुपए इकट्ठा किए, जो वित्त वर्ष 2024 की इसी अवधि के 29,233.73 करोड़ रुपए से 13.58 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। ग्रुप प्रीमियम सेगमेंट में 25.79 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष के 77,864.69 करोड़ रुपए से बढ़कर 97,947.05 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। जीवन बीमाकर्ता द्वारा इकट्ठे आंकड़ों के अनुसार, ग्रुप वार्षिक प्रीमियम 28.39 प्रतिशत बढ़कर 1,529.57 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1,191.35 करोड़ रुपए था। इन सात महीनों के दौरान, एलआईसी ने 97.60 लाख पॉलिसी और योजनाएं जारी की, जो वित्त वर्ष 2024 की समान अवधि में जारी 94.98 लाख पॉलिसियों की तुलना में 2.76 प्रतिशत अधिक है।

इंडिविजुअल सेगमेंट में, पॉलिसियां 4.79 लाख से 2.76 प्रतिशत बढ़कर 97.41 लाख हो गईं। हालांकि, ग्रुप वार्षिक रिन्युअवल पॉलिसियों की संख्या पिछले वर्ष के 16,258 की तुलना में 3.08 प्रतिशत घटकर 15,757 रह गई।

## खाद्य तेलों सहित अन्य जिंसों में टिकाव व चना दाल सस्ती

**नई दिल्ली**, 11 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव के कारण उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चना और दाल चना सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 90 रिंगिट उबलकर 5250 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.11 सेंट की तेजी के साथ 48.88 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : दाल-दलहन : चना 7450-7550, दाल चना 8450-8550, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10700-10800, अरहर दाल 10400-10500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## भारत में तेजी से बिक रहे अल्ट्रा-लक्जरी घर

**मुंबई,** 11 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में प्रॉपर्टी खरीदने का कन्वर्जन समय इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में घटकर औसतन 26 दिन रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2021 में यह उच्चतम 33 दिन था। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि देश में बढ़ती डिस्पोजेबल आय और मजबूत आर्थिक गतिविधि के बीच आवास सबसे पसंदीदा निवेश का विकल्प बन रहा है। सोमवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एनारॉक ग्रुप के आंकड़ों के अनुसार, अल्ट्रा-लक्जरी घर जिनकी कीमत 3 करोड़ रुपए और उससे अधिक है, में सबसे कम कन्वर्जन समय देखा गया, जो 2025 की पहली छमाही में केवल 15 दिन था। वित्त वर्ष 2024 में यह 22 दिन था।

50 लाख रुपए से 1 करोड़ रुपए के बीच की कीमत वाले घरों के खरीदारों को सबसे अधिक 30 दिन का समय लगा और 1 करोड़ रुपए से 3 करोड़ रुपए के बीच की कीमत वाले घरों में वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में कुल कन्वर्जन समय 27 दिन रहा। डेटा के अनुसार, लीड-टू-कन्वर्जन समय (पहली लीड से वास्तविक बुकिंग तक) वित्त वर्ष 2019 और



वित्त वर्ष 2024 में सबसे कम 25 दिन था।

एनारॉक ग्रुप के अध्यक्ष अनुज पुरी ने कहा कि अल्ट्रा-लक्जरी घरों के खरीदार वित्तीय रूप से जल्दी निर्णय लेने के लिए सक्षम हैं। साथ ही, हाई-एंड घरों की वर्तमान में सबसे अधिक मांग है और इन्वेंट्री तेजी से बिक जाती है, जिससे तेजी की आवश्यकता होती है।

किफायती घरों में कन्वर्जन समय में मामूली कमी देखी गई, जो कि वित्त वर्ष 2024 में 27 दिनों से वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में 26 दिन रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, खरीदारों ने वित्त वर्ष

**■ प्रॉपर्टी खरीदने का समय घटकर 26 दिन हुआ**
**■ वित्त वर्ष 2021 में यह उच्चतम 33 दिन था**

2021 में घरों को बुक करने में आज की तुलना में अधिक समय लिया, जो वर्तमान में मजबूत मांग की गति को दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रांडेड डेवलपर्स द्वारा नई आपूर्ति में उछाल देखा गया है, इसलिए खरीदार तेजी से निर्णय लेने में सक्षम महसूस करते हैं क्योंकि इन प्लेयर्स पर उनका भरोसा अधिक है।

पुरी ने कहा कि लीड-टू-बाय अवधि में इन कमियों के बावजूद, यह संभावना नहीं है कि हम इस प्रक्रिया में समग्र रूप से कोई वृद्धिशील परिवर्तन देखेंगे। भारतीय घर खरीदार खरीद निर्णय हल्के में नहीं लेते हैं, क्योंकि अक्सर घर खरीदने में बहुत अधिक पूंजीगत व्यय शामिल होता है, जिसे लोग अपनी बचत से पूरा करते हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।